क्रम-संख्या–195 (क)

रजिट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०

डब्लू०/एन० पी० 91/2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, बुधवार, 6 अक्टूबर, 2021

आश्विन 14, 1943 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

श्रम अनुभाग–2

संख्या 1825/36-2–2021-14(जी)-2020

लखनऊ, 6 अक्टूबर, 2021

अधिसूचना

प०आ०–327

चूँकि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) की धारा 99 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा सरकारी अधिसूचना संख्या 205/36-2–2021-14(जी)-2020, दिनांक 18 फरवरी, 2021 के माध्यम से उक्त अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पैंतालिस दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पूर्व, सम्भावित रूप में प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करते हुये औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) की धारा 99 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार उत्तर प्रदेश औद्योगिक संबंध नियमावली, 2021 प्रकाशित की गयी थी;

और, चूँकि, उक्त पैंतालिस दिन समाप्त होने के पूर्व, सम्भावित रूप में प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से प्राप्त आपत्ति अथवा सुझाव पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 3014/प्रवर्तन–संख्या/श्रम–सुधार–2021, दिनांक 14 जून, 2021 द्वारा विचार किया जा चुका है;

अतएव, अब, साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 24 के साथ पठित औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) की धारा 99 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, और

1– उत्तर प्रदेश औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) नियमावली, 1946

2– उत्तर प्रदेश व्यवसाय संघ विनियमावली, 1927

3– औद्योगिक विवाद (उत्तर प्रदेश) नियमावली, 1976 का अधिक्रमण करके, राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं, अर्थात् :–

उत्तर प्रदेश औद्योगिक सम्बन्ध नियमावली, 2021

अध्याय–1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, लागू और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश औद्योगिक सम्बन्ध नियमावली, 2021 कही जायेगी।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा।

(3) यह ऐसे दिनांक को प्रवृत्त होगी, जैसा कि राज्य सरकार आदेश द्वारा अधिसूचित करे।

परिभाषायें

2–(1) जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में,–

(क) ''संहिता'' का तात्पर्य औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 से है;

(ख) ''धारा'' का तात्पर्य संहिता की धारा से है;

(ग) ''इलेक्ट्रानिक रूप से'' का तात्पर्य ई–मेल द्वारा प्रस्तुत की गयी या अभिहित पोर्टल पर अपलोड की गयी किसी सूचना या संहिता के प्रयोजनार्थ किसी रीति से कृत डिजिटल संदाय से है;

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त और अपरिभाषित किन्तु संहिता में परिभाषित शब्दों और पदों के उनके अपने–अपने अर्थ होंगे जैसा कि संहिता में उनके लिये समनुदेशित हैं।

धारा 2 के खण्ड (य झ) के अधीन सुलह अधिकारी के समक्ष समझौता करने के लिये लिखित करार

3–नियोजक एवं कर्मकार के मध्य लिखित करार के लिये धारा 2 के खण्ड (य झ) के अधीन करार, प्रपत्र–1 में विनिर्दिष्ट प्रपत्र में होगा और उस पर हस्ताक्षर, करार के पक्षकारों द्वारा किया जायेगा और उसकी एक प्रति सम्बन्धित सुलह अधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

अध्याय–2

द्विपक्षीय मंच (फोरम)

धारा 3 के अधीन संकर्म समिति का गठन

4–(1) प्रत्येक नियोजक, जिसके लिये धारा–3 की उपधारा (1) के अधीन कृत आदेश लागू होता है तत्काल निम्नलिखित उपनियमों में यथा विर्निदिष्ट रीति से किसी संकर्म समिति का गठन करने की कार्यवाही करेगा।

(2) समिति में सदस्यों की संख्या इस प्रकार निर्धारित की जायेगी कि अधिष्ठान के खण्डों, दुकानों या विभागों में और तद्निमित्त संलग्न कर्मकारों की विभिन्न श्रेणियों, समूहों तथा वर्गों का प्रतिनिधित्व हो सके:

परन्तु यह कि संकर्म समिति के सदस्यों की कुल संख्या बीस से अधिक न हो:

परन्तु यह और कि संकर्म समिति में कर्मकारों के प्रतिनिधियों की संख्या उसमें नियोजक के प्रतिनिधियों की संख्या से कम न हो।

(3) इस नियमावली के उपबन्धों के अध्यधीन, संकर्म समिति में नियोजक के प्रतिनिधियों का नामनिर्देशन नियोजक द्वारा किया जायेगा और यथाशक्य सम्भव वे ऐसे पदाधिकारी होंगे जो औद्योगिक अधिष्ठान की कार्यप्रणाली के सीधे सम्पर्क में होंगे या उससे सम्बद्ध होंगे।

(4) जहाँ औद्योगिक प्रतिष्ठान का कोई भी कर्मकार रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ का सदस्य है, तो नियोक्ता ऐसे व्यवसाय संघ से उसे लिखित रूप में सूचित करने के लिये कहेगा–

(क) कितने कर्मकार ऐसे व्यवसाय संघ के सदस्य हैं; तथा

(ख) जहाँ किसी नियोक्ता के पास यह विश्वास करने का कारण है कि रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ द्वारा खण्ड (क) के अधीन उसे दी गयी सूचना गलत है, तो वह इस तरह के व्यवसाय संघ को सूचित करने के पश्चात् क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त को इस मामले को सन्दर्भित कर सकता है, जो पक्षकारों को सुनने के पश्चात् मामले का विनिश्चय करेगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

(5) उपनियम (4) के अधीन माँगी गयी सूचना के प्राप्त होने पर, नियोजक निम्नलिखित दो समूहों द्वारा समिति में कर्मकारों के प्रतिनिधि के चयन के लिये इसे उपलब्ध करायेगा, अर्थातः –

(क) रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ अपनी सदस्यता के अनुपात में संकर्म समिति के लिये यथा सदस्यों को अपना प्रतिनिधि चुन सकते हैं।

(ख) जहाँ कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ नहीं है, कर्मकार, संकर्म समिति के लिये स्वयं को प्रतिनिधि चुन सकते हैं।

(6) (क) संकर्म समिति के अपने पदाधिकारियों में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव एवं एक संयुक्त सचिव होगा;

(ख) अध्यक्ष का नामनिर्देशन, नियोजक द्वारा संकर्म समिति में नियोजक के प्रतिनिधियों के मध्य से किया जायेगा और वह, यथासम्भव, औद्योगिक अधिष्ठान का प्रधान होगा;

(ग) उपाध्यक्ष का निर्वाचन, कर्मकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों द्वारा स्वयं के मध्य से किया जायेगाः

परन्तु यह कि उपाध्यक्ष के निर्वाचन में मतों के समान होने की स्थिति में उक्त मामले का विनिश्चय लाटरी द्वारा किया जायेगा;

(घ) संकर्म समिति, सचिव एवं संयुक्त सचिव का निर्वाचन करेगीः

परन्तु यह कि जहाँ सचिव का निर्वाचन, नियोजक के प्रतिनिधियों के मध्य से किया जाये वहाँ संयुक्त सचिव का निर्वाचन कर्मकारों के प्रतिनिधियों के मध्य से किया जायेगा और विपर्ययेन भी किया जायेगाः

परन्तु यह कि यथास्थिति सचिव या संयुक्त सचिव का पद लगातार दो वर्षों के लिये नियोजक या कर्मकार के प्रतिनिधि द्वारा धारित नहीं किया जायेगाः

परन्तु यह भी कि नियोजक के प्रतिनिधि, कर्मकारों के प्रतिनिधियों के मध्य से, यथास्थिति, सचिव या संयुक्त सचिव के निर्वाचन में सहभागिता नहीं करेंगे और केवल कर्मकार के प्रतिनिधि ऐसे निर्वाचनों में मत देने के हकदार होंगे;

(ङ) खण्ड (घ) के अधीन किसी निर्वाचन में, समान मत होने की स्थिति में उक्त मामले का विनिश्चय लाटरी द्वारा किया जायेगा।

(7) (क) किसी आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिये चुने गये सदस्य से भिन्न संकर्म समिति के प्रतिनिधियों की पदावधि दो वर्ष होगी;

(ख) किसी आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिये चुना गया कोई सदस्य अपने पूर्वाधिकारी के समाप्त न हुये कार्यकाल तक के लिये पदधारण करेगा;

(ग) कोई सदस्य, जो संकर्म समिति से अवकाश प्राप्त किये बिना समिति की लगातार तीन बैठकों में सम्मिलित होने में विफल रहता है, अपनी सदस्यता से समपहृत हो जायेगा।

(8) उपनियम (7) के खण्ड (ग) के अधीन कर्मकार के प्रतिनिधि का सदस्य होने से प्रविरत हो जाने या अधिष्ठान में नियोजित होने से प्रविरत हो जाने की स्थिति में या उसके त्यागपत्र, मृत्यु या अन्यथा की स्थिति में, उसका उत्तराधिकारी इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार उसी समूह से चुना जायेगा, जिस समूह से सीट रिक्त करने वाला सदस्य सम्बन्धित हो।

(9) संकर्म समिति के पास विचार–विमर्श वाले मामले में विशिष्ट या विशेष जानकारी रखने वाले औद्योगिक अधिष्ठान में नियोजित व्यक्तियों का परामर्शी हैसियत से सहयोजित करने का अधिकार होगा। ऐसा सहयोजित सदस्य मत देने का हकदार नहीं होगा और वह मात्र ऐसी अवधि तक के लिये बैठकों में उपस्थित रहेगा जिस अवधि तक संकर्म समिति के समक्ष कोई विशिष्ट प्रश्न हो।

(10) (क) संकर्म समिति की बैठक सचिव द्वारा, अध्यक्ष के पूर्वानुमोदन से आहूत की जायेगीः

परन्तु यह कि ऐसी बैठक प्रत्येक छः माह में कम से कम एक बार आयोजित की जायेगी;

(ख) संकर्म समिति, अपनी प्रथम बैठक में अपनी स्वयं की प्रक्रिया विनियमित करेगी।

(11) (क) नियोजक, संकर्म समिति की बैठक आयोजित करने के लिये वास सुविधा उपलब्ध करायेगा। वह संकर्म समिति का कार्य करने के लिये संकर्म समिति और उसके सदस्यों को समस्त आवश्यक सुविधायें भी उपलब्ध करायेगा। संकर्म समिति सामान्यतः सम्बन्धित औद्योगिक अधिष्ठान के कार्य समय के दौरान किसी कार्य–दिवस में बैठक करेगी और कर्मकार का प्रतिनिधि बैठक में सम्मिलित रहने के दौरान ड्यूटी पर समझा जायेगा;

(ख) संकर्म समिति का सचिव, अध्यक्ष की पूर्व सहमति से औद्योगिक अधिष्ठान के सूचना–पट्ट पर संकर्म समिति के कार्य से सम्बन्धित नोटिस प्रस्तुत करेगा।

धारा 4 की उपधारा (2) के अधीन शिकायत निवारण समिति के नियोजकों और कर्मकारों से सदस्यों को चुनने की रीति

5–(1) शिकायत निवारण समिति में नियोजक और कर्मकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की संख्या समान होगी, जो दस से अधिक नहीं होगी।

(2) नियोजक के प्रतिनिधि नियोजक द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे और वे यथासम्भव औद्योगिक अधिष्ठान की कार्यप्रणाली, अधिमानतः औद्योगिक अधिष्ठानों के प्रमुख विभागों के प्रमुखों के साथ प्रत्यक्ष सम्पर्क वाले या सम्बद्ध पदाधिकारी होंगे।

(3) कर्मकारों के प्रतिनिधि, रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघों द्वारा चुने जायेंगे और जहाँ वार्ताकारी परिषद विद्यमान हो, वहाँ ऐसे प्रतिनिधि उसी अनुपात में चुने जायेंगे जैसा कि व्यवसाय संघो का वार्ताकारी परिषद में अपना–अपना प्रतिनिधित्व हो। यदि जहाँ कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ या वार्ताकारी परिषद न हो, वहाँ सदस्य अधिष्ठान के कर्मकारों द्वारा चुना जा सकता हैः

परन्तु यह कि शिकायत निवारण समिति में महिला कर्मकारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व होगा और ऐसा प्रतिनिधित्व, औद्योगिक अधिष्ठान में नियोजित कुल कर्मकारों में महिला कर्मकारों के अनुपात में कम नहीं होगा।

(4) (क) जहाँ औद्योगिक अधिष्ठान का कोई कर्मकार किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ या व्यवसाय संघों का सदस्य हो वहाँ नियोजक, ऐसे व्यवसाय संघ या संघों से लिखित रूप में यह सूचित करने के लिये कहेगा कि कितने कर्मकार ऐसे व्यवसाय संघ के सदस्य हैं;

(ख) जहाँ किसी नियोजक के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ द्वारा खण्ड (क) के अधीन उसे उपलब्ध करायी गयी सूचना मिथ्यापूर्ण है, वहाँ वह ऐसे व्यवसाय संघ को सूचित करने के पश्चात् उक्त मामला क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त को निर्दिष्ट कर सकेगा, जो पक्षकारों की सुनवाई करने के पश्चात्, उक्त मामले का विनिश्चय करेगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

(5) व्यवसाय संघ या संघों की सदस्यता का अवधारण करने के पश्चात् नियोजक–

(क) व्यवसाय संघों से, कुल कर्मकारों में उनके सदस्यों के अनुपात में प्रतिनिधियों को चुनने की अपेक्षा कर सकता है;

(ख) कर्मकारों, जो किसी व्यवसाय संघ के सदस्य न हों, से कुल कर्मकारों की उनकी संख्या में प्रतिनिधियों को चुनने की अपेक्षा कर सकता है।

धारा 4 की उपधारा (5) के अधीन किसी क्षुब्ध कर्मकार द्वारा शिकायत निवारण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु किसी विवाद के सम्बन्ध में आवेदन

6–कोई क्षुब्ध कर्मकार, शिकायत निवारण समिति के समक्ष अपने विवाद का उल्लेख करते हुये एक आवेदन दाखिल कर सकता है जिसमें उसका नाम, पदनाम, कर्मचारी कोड, विभाग जहाँ तैनात हो, सेवा के वर्ष, कर्मकार की श्रेणी, पत्र–व्यवहार का पता, सम्पर्क नम्बर, शिकायत तथा वाँछित अनुतोष का विवरण हो। ऐसा आवेदन इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा रूप में प्रेषित किया जायेगा। ऐसे विवाद उत्पन्न होने के वादहेतुक के दिनाँक से एक वर्ष के भीतर शिकायत की जा सकती है।

धारा 4 की उपधारा (8) के अधीन शिकायत निवारण समिति के विनिश्चय के विरूद्ध शिकायत सुलह हेतु सुलह अधिकारी के समक्ष आवेदन दाखिल करने की रीति

7–कोई कर्मकार, जो शिकायत निवारण समिति के निर्णय से क्षुब्ध हो या जिसके शिकायत का समाधान उक्त समिति द्वारा आवेदन प्राप्त होने के तीस दिन के भीतर न किया गया हो, शिकायत निवारण समिति के विनिश्चय के दिनाँक से साठ दिन की अवधि के भीतर इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा रूप में सम्बन्धित सुलह अधिकारी के समक्ष अथवा धारा 4 की उपधारा (6) में विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने के दिनाँक से, व्यवसाय संघ, जिसका वह सदस्य हो या अन्यथा रूप में हो, के माध्यम से सुलह अधिकारी के समक्ष आवेदन दाखिल कर सकता है।

अध्याय–तीन
व्यवसाय संघ

रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन

8–किसी व्यवसाय संघ के रजिस्ट्रीकरण के लिये प्रत्येक आवेदन, इलेक्ट्रानिक रूप से अथवा हस्तकृत रूप से प्रपत्र–दो पर किया जायेगा तथा क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त, जिनके क्षेत्र में व्यवसाय संघ का कार्यालय स्थित हो, के माध्यम से रजिस्ट्रार, व्यवसाय संघ, उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत किया जायेगा।

शपथ–पत्र का प्रपत्र

9–रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ **प्रपत्र–तीन** पर समस्त आवेदकों का एक शपथ–पत्र पर घोषणा–पत्र संलग्न किया जायेगा।

धारा 8 की उपधारा (2) के अधीन व्यवसाय संघ की आस्तियों तथा देनदारियों के सामान्य विवरण का प्रपत्र

10–जहाँ कोई व्यवसाय संघ, अपने रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन करने के पूर्व एक वर्ष से अधिक समय तक विद्यमान रहा हो, वहाँ रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन के साथ प्रपत्र–दो की अनुसूची–तीन में व्यवसाय संघ की आस्तियों तथा देनदारियों का सामान्य विवरण संलग्न किया जायेगा।

शुल्क

11–किसी व्यवसाय संघ के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय शुल्क सौ रूपये होगा, जो राज्य कोषागार के सम्बन्धित लेखा–शीर्षक में हस्तकृत रूप से अथवा इलेक्ट्रानिक रूप से जमा किया जायेगा। आवेदक ऐसे कोषागार की रसीद की प्रति को प्रपत्र–दो के साथ संलग्न कर रजिस्ट्रार, व्यवसाय संघ, उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत करेगा, जो उक्त रसीद की पुष्टि, राज्य कोषागार के वेब–पोर्टल से कर सकता है।

व्यवसाय संघ के सदस्यों द्वारा अभिदान

12–(1) असंगठित क्षेत्र से सम्बन्धित किसी व्यवसाय संघ के साधारण सदस्य का वार्षिक अभिदान, पचास रूपये से अधिक नहीं होगा तथा मानद–सदस्य का अभिदान सौ रूपये से अधिक नहीं होगा।

(2) संगठित क्षेत्र से सम्बन्धित किसी व्यवसाय संघ के साधारण सदस्य का वार्षिक अभिदान एक सौ रूपये से अधिक नहीं होगा तथा मानद सदस्य का अभिदान दो सौ रूपये से अधिक नहीं होगा।

व्यवसाय सघों के रजिस्टर का प्रपत्र

13–धारा 9 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट व्यवसाय संघों का रजिस्टर प्रपत्र–चार में अनुरक्षित किया जायेगा।

प्रमाण-पत्र का प्रपत्र

14–धारा 9 की उपधारा (2) के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र प्रपत्र–पाँच में होगा।

धारा–9 की उपधारा (5) के अधीन प्रत्याहरण या रद्दकरण के लिए आवेदन

15– किसी व्यवसाय संघ द्वारा अपने रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के प्रत्याहरण या रद्दकरण के लिये प्रत्येक आवेदन, प्रपत्र–छः में रजिस्ट्रार को प्रेषित किया जायेगा।

प्रत्याहरण या रद्दकरण के आवेदन का सत्यापन

16–(1) प्रत्याहरण हेतु व्यवसाय संघ के आवेदन का सत्यापन, रजिस्ट्रार द्वारा आवेदक को व्यक्तिगत रूप से समन करके अथवा क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार, जिसके क्षेत्र में व्यवसाय संघ का कार्यालय स्थित हो, के माध्यम से किया जायेगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण के प्रत्याहरण अथवा रद्दकरण का आवेदन प्राप्त किये जाने पर रजिस्ट्रार, आवेदन स्वीकृत करने के पूर्व स्वयं का समाधान करेगा कि रजिस्ट्रीकरण का प्रत्याहरण या रद्दकरण, व्यवसाय संघ के संकल्प द्वारा अनुमोदित किया गया था या यह व्यवसाय संघ के सदस्यों के बहुमत द्वारा अनुमोदित है। रजिस्ट्रार, ऐसी अग्रतर विशिष्टियों की माँग कर सकता है, जैसाकि वह आवश्यक समझे तथा व्यवसाय संघ के किसी अधिकारी का परीक्षण कर सकता है।

धारा 10 की उपधारा (1) के अधीन अपील दाखिल करने की समयावधि

17–धारा–9 के अधीन रजिस्ट्रीकरण स्वीकृत किये जाने से इंकार करने अथवा संहिता की धारा 9 की उपधारा (5) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द किये जाने के आदेश के विरूद्ध कोई अपील, रजिस्ट्रार के ऐसे आदेश के दिनांक से साठ दिन के भीतर दाखिल की जायेगी।

परिवर्तन की नोटिस

18–(1) व्यवसाय संघ, अपने संघ में पदाधिकारियों में किसी भी परिवर्तन की सूचना, क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार को लिखित रूप में देगा और प्रपत्र–सात में ऐसे परिवर्तनों के सम्बन्ध में इस आशय का संकल्प भी संलग्न किया जायेगा। क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार का समाधान हो जाने के पश्चात् ऐसे किसी परिवर्तन को इस प्रयोजनार्थ प्रपत्र–बारह में अनुरक्षित किये जाने वाले रजिस्टर में अभिलिखित करेगा और सम्बन्धित व्यवसाय संघ को इसकी सूचना देगा।

(2) व्यवसाय संघ अपने आवेदन में अपने नाम, गठन या उपविधियों की विशिष्टियों के सम्बन्ध में किसी परिवर्तन की सूचना लिखित रूप में रजिस्ट्रार को देगा और इसके साथ आशय का व्यवसाय संघ के गठन अथवा उपविधियों के अनुसार संकल्प भी संलग्न किया जायेगा और इसकी संसूचना रजिस्ट्रार को प्रपत्र–सात में दी जायेगी। रजिस्ट्रार का समाधान हो जाने के पश्चात् व्यवसाय संघ के गठन या उपविधियों में किये गये परिवर्तन को अभिलिखित करेगा एवं सम्बन्धित व्यवसाय संघ को इसकी सूचना देगा।

(3) व्यवसाय संघ के कार्यालय का दूसरे राज्य में अन्तरित हो जाने के मामले में, रजिस्ट्रार, संहिता की धारा 9 में निर्दिष्ट रजिस्टर में अन्तर्विष्ट प्रविष्टियों की एक प्रति, ऐसे राज्य के व्यवसाय संघ के रजिस्ट्रार को अग्रसारित करेगा जिसमें व्यवसाय संघ का प्रधान कार्यालय अन्तरित किया गया हो।

एकमात्र वार्ताकारी संघ के रूप में मान्यता

19–जहाँ औद्योगिक अधिष्ठान में केवल एक रजिस्ट्रीकृत कर्मकार व्यवसाय संघ कार्यरत हों, वहाँ नियोजक ऐसे संघ को एकमात्र वार्ताकारी कर्मकार संघ के रूप में मान्यता प्रदान करेगाः

परन्तु यह कि औद्योगिक अधिष्ठान में नियोजित कुल कर्मकारों में से कम से कम तीस प्रतिशत उक्त व्यवसाय संघ के सदस्य हों:

परन्तु यह भी कि संघ के कार्यकारी निकाय का निर्वाचन, उक्त संघ की उपविधियों में विहित समयान्तर्गत किया जाये तथा संघ का निर्वाचन, क्षेत्र के क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार द्वारा सम्यक रूप से रजिस्ट्रीकृत हो।

बहुमत वाले संघ अथवा वार्ताकारी परिषद् के सत्यापन की रीति

20–(1) यदि किसी औद्योगिक अधिष्ठान में एक से अधिक रजिस्ट्रीकृत कर्मकार व्यवसाय संघ कार्यरत हों, तो औद्योगिक अधिष्ठान के इक्यावन प्रतिशत या उससे अधिक मस्टर रोल वाले कर्मकारों द्वारा समर्थित संघ को नियोजक द्वारा रजिस्ट्रीकृत संघों की सदस्यता के आधार पर एकमात्र वार्ताकारी संघ घोषित किया जायेगाः

परन्तु यह कि यदि व्यवसाय संघों की सदस्यता के सम्बन्ध में कोई विवाद है, तो इसका विनिश्चय गुप्त मतपत्र के माध्यम से मतदान द्वारा किया जायेगा और यदि कोई संघ उस आशय की माँग करेगा तो नियोजक एक स्वतन्त्र प्रेक्षक नियुक्त करेगाः

परन्तु यह और कि नियोजक गुप्त मतपत्र के माध्यम से मतदान के संबंध में क्षेत्र के क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार को सूचित करेगा और यदि क्षेत्र के क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार उचित समझे तो वह यह भी निदेश दे सकता/सकती है कि मतदान, निरीक्षक– सह–सुविधा–प्रदाता की उपस्थिति में कराया जाय।

(2) यदि किसी औद्योगिक अधिष्ठान में इस संहिता के अधीन एक से अधिक कर्मकार व्यवसाय संघ रजिस्ट्रीकृत हों या कार्यरत हों और ऐसे किसी भी व्यवसाय संघ के पास उस औद्योगिक अधिष्ठान के इक्यावन प्रतिशत या उससे अधिक मस्टर रोल वाले कर्मकार नहीं हो, तो ऐसी दशा में, ऐसे औद्योगिक अधिष्ठान का नियोजक नियम–22 के अधीन निर्दिष्ट मामलों पर वार्ता करने हेतु एक वार्ताकारी परिषद का गठन करेगा जिसमें ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघों का प्रतिनिधित्व होगा जिसे उस औद्योगिक अधिष्ठान के सत्यापित मस्टर रोल पर कुल कर्मकारों के कम से कम बीस प्रतिशत कर्मकारों का समर्थन प्राप्त है तथा ऐसे प्रतिनिधित्व में कुल कर्मकारों के प्रत्येक बीस प्रतिशत के लिये एक प्रतिनिधि होगा और शेष के लिये सदस्यता, संगणना के पश्चात प्रत्येक बीस प्रतिशत पर एक प्रतिनिधि होगाः

परन्तु यह कि व्यवसाय संघों द्वारा ऐसी किसी वार्ताकारी परिषद में किया जाने वाला ऐसे प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) का नामनिर्देशन निर्विरोध नहीं होता है तो उस व्यवसाय संघ से ऐसे प्रतिनिधि का चयन गुप्त मतपत्र के माध्यम से विनिश्चित किया जायेगा और नियोजक, एक स्वतन्त्र प्रेक्षक नियुक्त करेगा, यदि उक्त संघ इस आशय की मांग करता है।

(3) (क) औद्योगिक अधिष्ठान का नियोजक, औद्योगिक अधिष्ठान में व्यवसाय संघों की सदस्यता के सत्यापन के लिये एक सत्यापन अधिकारी (जिसे आगे इस नियमावली में सत्यापन अधिकारी कहा गया है) नियुक्त करेगा जो एक स्वतन्त्र अधिकारी होगा और किसी भी व्यवसाय संघ में उसका कोई हित नहीं होगा जिसकी सदस्यता का सत्यापन किया जाना हैः

परन्तु यह कि वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद, जैसी भी स्थिति हो, के गठन की प्रक्रिया, अनुशासन संहिता के अधीन नियोजक द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय संघ की विद्यमान मान्यता अवधि की समय–सीमा की समाप्ति के तीन महीने पूर्व शुरू की जायेगी;

(ख) सत्यापन अधिकारी, सदस्यता–सत्यापन के कार्य की मात्रा के आधार पर अपनी सहायता के लिये अतिरिक्त सत्यापन अधिकारियों की नियुक्ति कर सकता है;

(ग) सत्यापन अधिकारी, नियोजक द्वारा यथा अवधारित समयबद्ध रीति में औद्योगिक प्रतिष्ठान में सदस्यता–सत्यापन का कार्य करेगा।

(4) औद्योगिक अधिष्ठान का नियोजक उप नियम (1) के अधीन व्यवसाय संघ की सदस्यता के सत्यापन के सम्बन्ध में समस्त व्ययों का वहन और व्यवस्था करेगा।

(5) (क) व्यवसाय संघ जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करेंगे, औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक को कर्मकारों की वार्ताकारी संघ की प्रास्थिति की स्वीकृति के लिये पहले आवेदन करेंगे अर्थात् :–

(एक) ऐसे व्यवसाय संघ के पास यथास्थिति व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 के अधीन विधिमान्य रजिस्ट्रीकरण हो और इस रूप में बना रहे या औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020 के पास) के अधीन रजिस्ट्रीकरण हो, और

(दो) व्यवसाय संघ की सदस्यता केवल विशिष्ट औद्योगिक अधिष्ठान तक सीमित होनी चाहिये।

(ख) व्यवसाय संघ से मान्यता के लिये आवेदन के साथ रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की प्रति, सदस्यों की सूची की प्रति, सदस्यता अभिदान विवरण और व्यवसाय संघों के रजिस्ट्रार को प्रस्तुत नवीनतम वार्षिक विवरणी की प्रति और अन्य कोई सुसंगत दस्तावेज लगाने होंगे जिन्हें व्यवसाय संघ अपने दावे के समर्थन में प्रस्तुत करना चाहे।

(6) (क) यदि संहिता के अधीन यथास्थिति वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद, गठित किये गये हों, तो औद्योगिक अधिष्ठान का यथास्थिति नियोजक वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद, के पदधारी का कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व पर्याप्त रूप से अग्रिम रूप में, किन्तु यथास्थिति वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद, पदधारी का कार्यकाल समाप्त होने से अनधिक तीन माह पूर्व कार्यवाही प्रारम्भ करेगा;

(ख) व्यवसाय संघों की सदस्यता के सत्यापन के प्रयोजनार्थ औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक द्वारा गणना का दिनांक निर्धारित किया जायेगा;

(ग) अधिष्ठान का नियोजक, व्यवसाय संघों द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेज और अभिलेख सत्यापन अधिकारी को अग्रसारित करेगा;

(घ) दस्तावेज और अभिलेख प्राप्त किये जाने पर सत्यापन अधिकारी व्यवसाय संघ रजिस्ट्रीकरण की प्रास्थिति तथा सम्बन्धित मामलों को सुनिश्चित करने के लिए व्यापार संघ द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों या दस्तावेजों की संवीक्षा करेगा ;

(ड.) सत्यापन अधिकारी, औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक और समस्त प्रतिभागी संघों के प्रतिनिधियों के साथ गुप्त मतपत्र के माध्यम से व्यवसाय संघों की सदस्यता के सत्यापन की प्रक्रिया के संबंध में विनिश्चय करने के लिये बैठक आयोजित करेगा;

(च) नियोजक, औद्योगिक अधिष्ठान के व्यवसाय संघों के साथ पारस्परिक सहमति से सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, आनलाइन प्लेटफार्म या इसी प्रकार के प्लेटफार्म पर चुनाव प्रक्रिया कराने के लिये इलेक्ट्रानिक प्रक्रिया का अभिनियोजन कर सकता है।

(7) नियोजक, क्षेत्र के क्षेत्रीय अपर/उप रजिस्ट्रार को यथास्थिति एकल वार्ताकारी संघ की घोषणा अथवा वार्ताकारी परिषद के गठन, के सम्बंध में ऐसी घोषणा या गठन के पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रानिक रूप से, सूचित करेगा तथा उसे औद्योगिक अधिष्ठान के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित करेगा।

(8) सत्यापन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गयी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर औद्योगिक अधिष्ठान का नियोजक, संहिता की धारा 14 की उप–धारा (2) या धारा 14 की उप–धारा (3) या धारा 14 की उप–धारा (4), के उपबंधों के अनुसार वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक के रूप में व्यवसाय संघ को मान्यता प्रदान करेगा, जो वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के गठन की मान्यता के दिनांक से तीन वर्ष के लिये अथवा अग्रतर कुल पाँच वर्ष से अनधिक अवधि के लिये, जैसाकि यथास्थिति नियोजक और वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद द्वारा पारस्परिक रूप से विनिश्चय किया जाये, विधिमान्य होगीः

परन्तु यह कि वार्ताकारी संघ और वार्ताकारी परिषद का कार्यकाल गुप्त मतदान कराने से पहले विनिश्चित किया जायेगा।

गुप्त मतपत्र के माध्यम से व्यवसाय संघों की सदस्यता का सत्यापन

21–(1) सत्यापन अधिकारी, वास्तविक मतदान के दिनांक से कम से कम साठ दिन पूर्व, निम्नलिखित पर विनिश्चय करने के लिये, औद्योगिक अधिष्ठान में कार्यरत समस्त रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित करेगाः

(क) मतदाता सूची का प्रकाशन;

(ख) मतदान का दिनांक, समय, रीति, मतदान का स्थान;

(ग) मतगणना का दिनांक, समय और मतगणना–स्थल; और

(घ) गुप्त मतपत्र से सम्बन्धित अन्य तौर–तरीके

(2) सत्यापन अधिकारी बैठक के कार्यवृत्त को तैयार करायेगा और समस्त प्रतिभागी व्यवसाय संघों से हस्ताक्षर करायेगा। समस्त प्रतिभागी व्यवसाय संघों को इसी बैठक में निशान आवन्टित किये जायेंगे। यदि मतदान का दिनांक, समय, रीति, मतदान स्थल, निशानों के आवन्टन, मतगणना दिनांक, समय तथा स्थान तथा इसी प्रकार के अन्य मामलों पर बैठक में कोई विनिश्चय नहीं किया जाता है तो, सत्यापन अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और ऐसे गुप्त मतपत्र की समय–सूची, कार्यक्रम और प्रक्रिया को प्रकाशित करेगा;

(3) समस्त कर्मकार, जिनके नाम, गणना के दिनांक को औद्योगिक अधिष्ठान के मस्टर रोल में विद्यमान हों, अपना मत देने के लिये पात्र होंगे;

(4) मतदाता सूची, उप नियम (3) में निर्दिष्ट मस्टर रोल में लिखे गये कर्मकारों के नामों के आधार पर औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक द्वारा तैयार की जायेगी और मतदाता सूची में कर्मकार का नाम, पिता का नाम, पदनाम, सार्वभौमिक लेखा संख्या (यू0ए0एन0), यदि कोई हो, और कर्मकार की तैनाती का स्थान अन्तर्विष्ट होगा। अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन नियोजक द्वारा सत्यापन अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा और उसे औद्योगिक अधिष्ठान के मुख्य प्रवेश द्वार पर नोटिस बोर्ड और वेब–साइट, यदि कोई हो, पर प्रदर्शित किया जायेगा। ऐसी मतदाता सूची की एक प्रति प्रतिभागी व्यवसाय संघों को भी हस्तकृत रूप से या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रानिक रीति से प्रेषित की जायेगी;

(5) सत्यापन अधिकारी, अन्तिम रूप दिये जाने के दो दिन के भीतर प्रतिभागी व्यवसाय संघों के नाम और उनको आवन्टित निशान औद्योगिक अधिष्ठान के मुख्य प्रवेश द्वारा पर नोटिस बोर्ड और वेब–साइट, यदि कोई हो, पर प्रदर्शित करेगा;

(6) मतदान और मतों की गणना, सत्यापन अधिकारी के पर्यवेक्षण में सत्यापन अधिकारी द्वारा नियत दिनांक, समय और स्थान पर की जायेगी और गणना के दौरान समस्त प्रतिभागी व्यवसाय संघों के अभिकर्ताओं को उपस्थित रहने की अनुमति होगी;

(7) मतों की अन्तिम गणना होने के पश्चात्, परिणाम, सत्यापन अधिकारी द्वारा घोषित किया जायेगा। परिणाम सीट में निर्वाचन में समस्त प्रतिभागी व्यवसाय संघों के नामों, डाले गये मतों की कुल संख्या और प्रत्येक व्यवसाय संघ, जिसने निर्वाचन में भाग लिया हो, के पक्ष में डाले गये मतों की संख्या अन्तर्विष्ट होगी।

(8) सत्यापन अधिकारी, औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक को व्यवसाय संघों की सदस्यता के सत्यापन के परिणामों के साथ सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा;

(9) सत्यापन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गयी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक व्यवसाय संघों को संहिता की यथास्थिति धारा 14 की उप–धारा 2 या धारा 14 की उप–धारा 3 या धारा 14 की उप–धारा 4, के उपबंधों के अनुसार वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटक के रूप में मान्यता प्रदान की जायेगी जो वार्ताकार संघ या वार्ताकार परिषद के गठन के मान्यता प्रदान किये जाने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये अथवा अग्रतर कुल पाँच वर्ष से अनधिक अवधि के लिये, जैसा कि यथास्थिति नियोक्ता और वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद द्वारा हस्तकृत रूप से विनिश्चय करे, विधिमान्य होगीः

परन्तु यह कि वार्ताकारी संघ और वार्ताकारी परिषद का कार्यकाल गुप्त मतदान कराने से पहले विनिश्चित किया जायेगा।

वार्ता के विषय

22– कर्मकारों से सम्बन्धित मामले, जिन पर धारा 14 की उप–धारा (1) के अधीन वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक के साथ वार्ता करेगी, निम्नानुसार विनिर्दिष्ट हैं, अर्थात् :–

(एक) कर्मकारों के ग्रेडों और श्रेणियों का वर्गीकरण;

(दो) औद्योगिक अधिष्ठान में लागू स्थायी आदेशों के अधीन नियोजक द्वारा पारित आदेश;

(तीन) वेतन अवधि, महंगाई भत्ता, बोनस, वेतन वृद्धि, परम्परागत छूट या विशेषाधिकार, प्रतिपूरक तथा अन्य भत्तों सहित कर्मकारों का वेतन;

(चार) कर्मकारों के काम के घण्टे, उनके विश्राम दिवस, सप्ताह में कार्य दिवसों की संख्या, विश्राम अन्तराल, पालियों की कार्यशीलता;

(पाँच) वेतन सहित छुट्टी और अवकाश;

(छः) पदोन्नति एवं स्थानान्तरण नीति और अनुशासनिक प्रक्रियायें;

(सात) कर्मकारों के लिये क्वार्टर (तिमाही) आवन्टन नीति;

(आठ) सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशायें सम्बन्धी मानक;

(नौ) सेवा की शर्तों, रोजगार के निबंधन से सम्बन्धित ऐसे अन्य मामले जो पूर्ववर्ती खण्डों में आच्छादित नहीं हैं; और

(दस) कोई अन्य विषय, जो औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक और वार्ताकारी संघ या परिषद के मध्य सहमत है।

वार्ताकारी संघ या परिषद को नियोजक द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधायें

23–किसी औद्योगिक अधिष्ठान में, जहाँ यथास्थिति एकल वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद हो, ऐसे औद्योगिक अधिष्ठान का नियोजक यथास्थिति वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद को निम्नलिखित सुविधायें उपलब्ध करायेगा, अर्थात–

(एक) यथास्थिति वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के क्रियाकलापों से सम्बन्धित सूचना प्रदर्शित करने के प्रयोजनार्थ नोटिस बोर्ड;

(दो) अनुसूची के अनुसार, यथास्थिति वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद द्वारा चर्चा करने हेतु स्थान और आवश्यक सुविधायें एवं औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक और यथास्थिति वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के मध्य व्यवस्थापन करना;

(तीन) यथास्थिति वार्ताकारी संघ के सदस्यों या वार्ताकारी परिषद के घटकों के मध्य चर्चा के लिये स्थान और आवश्यक सुविधायें;

(चार) कर्मकारों की कामकाजी परिस्थितियों से सम्बंधित मामलों को अभिनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ औद्योगिक अधिष्ठान में यथास्थिति वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के घटकों के पदाधिकारियों के प्रवेश की सुविधा;

(पॉच) नियोजक द्वारा कर्मकार की लिखित सहमति के आधार पर व्यवसाय संघों के सदस्यों के अभिदान की कटौती करना;

(छः) जब पदाधिकारी नियोजक और ऐसे पदाधिकारियों के मध्य सहमत सूची के अनुसार नियोजक के साथ बैठकें आयोजित या चर्चा करते हैं, तब यथास्थिति वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद के नियोजित पदाधिकारियों का काम पर होना मान्य किया जाना;

(सात) औद्योगिक अधिष्ठान, जिसमें तीन सौ या उससे अधिक कर्मकार हों, के यथास्थिति नियोजक, वार्ताकारी संघ या वार्ताकारी परिषद को उपयुक्त कार्यालय स्थल के साथ आवश्यक सुविधायें प्रदान करेगा।

सामान्य निधि का प्रयोजन

24–संघ की सामान्य निधियाँ निम्नलिखित से भिन्न किन्हीं उद्देश्यों पर व्यय नहीं की जायेंगी; अर्थात–

(क) व्यवसाय संघ के पदाधिकारियों को वेतन, भत्तों और व्ययों का संदाय;

(ख) व्यवसाय संघ के प्रशासन के लिये व्ययों का संदाय, जिसमें व्यवसाय संघ की सामान्य निधियों के लेखाओं की लेखा–परीक्षा सम्मिलित है;

(ग) किन्हीं विधिक कार्यवाहियों, जिनमें व्यवसाय संघ या उसका कोई सदस्य पक्षकार हो, का अभियोजन या प्रतिवाद, जब ऐसा अभियोजन या प्रतिवाद व्यवसाय संघ के किन्हीं अधिकारों को सुनिश्चित या संरक्षित करने के प्रयोजन हेतु किया जाये, या किसी सदस्य का उसके नियोजक के साथ संबंधों के कारण उद्भूत होने वाला कोई अधिकार;

(घ) व्यवसाय संघ या उसके किसी सदस्य की ओर से व्यवसाय विवादों का संचालन;

(ड.) व्यवसाय विवादों से उद्भूत होने वाली हानि के लिये सदस्यों को प्रतिकर का दिया जाना;

(च) सदस्यों की मृत्यु, वृद्धावस्था, रूग्णता, दुर्घटनाओं या बेरोजगारी के कारण ऐसे सदस्यों या उनके आश्रितों को दिये जाने वाले भत्ते;

(छ) सदस्यों के जीवन बीमा की पालिसियों अथवा रूग्णता, दुर्घटना अथवा बेरोजगारी के विरूद्ध सदस्यों का बीमा करने वाली पालिसियों का दिया जाना या उनके अधीन दायित्व का ग्रहण;

(ज) शैक्षिक, सामाजिक या धार्मिक प्रसुविधाओं का (जिसमें मृत सदस्यों के अन्त्येष्टि या धार्मिक कर्मों के व्ययों का संदाय सम्मिलित है) सदस्यों के लिये या सदस्यों के आश्रितों के लिये उपबन्ध;

(झ) मुख्यतः नियोजकों या कर्मकारों पर उनकी उस हैसियत में प्रभाव डालने वाले प्रश्नों पर चर्चा करने के प्रयोजन के लिये सामयिकी को चालू रखना;

(ञ) उन उद्देश्यों में से, जिन पर व्यवसाय संघ की सामान्य निधियाँ व्यय की जा सकती हैं, किसी को अग्रसर करने में, अभिदायों का किसी ऐसे हेतुक के लिये संदाय, जिसका आशय साधारणतया कर्मकारों को लाभ पंहुचाना है, परन्तु यह कि ऐसे अभिदायों के संदर्भ में किसी भी वित्तीय वर्ष में व्यय, किसी भी समय उस कुल योग के चतुर्थांश से अधिक नहीं होगा जो उस वर्ष के दौरान उसमें सकल आय को, जो उसी व्यवसाय संघ की सामान्य निधियों में उस वर्ष के दौरान उस समय तक प्रोद्भूत हुयी हो, और उस वर्ष के प्रारम्भ पर उन निधियों में जमा अवशेष को मिलाकर हो; और

(ट) अधिसूचना में किन्हीं अन्तर्विष्ट शर्तों के अध्यधीन रहते हुये, कोई ऐसा अन्य उद्देश्य जो समुचित सरकार द्वारा शासकीय गजट में अधिसूचित किया गया हो।

राजनैतिक निधि और अभिदान का प्रयोजन

25–(1) धारा 15 की उप धारा (2) के अधीन गठित निधि का व्यय निम्नलिखित से भिन्न किन्हीं अन्य मामलों पर नहीं किया जायेगा–

(क) संविधान के अधीन गठित किसी विधायी निकाय के या किसी स्थानीय प्राधिकारी के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिये अपनी अभ्यर्थिता या निर्वाचन के संसंग में निर्वाचन के पूर्व, दौरान या पश्चात किसी अभ्यर्थी या भावी अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः उपगत व्ययों का संदाय; या

(ख) ऐसे किसी अभ्यर्थी या भावी अभ्यर्थी के समर्थन में किसी सभा का आयोजन, या किसी साहित्य या दस्तावेजों का वितरण; या

(ग) ऐसे किसी व्यक्ति का भरण–पोषण जो संविधान के अधीन गठित किसी विधायी निकाय का या किसी स्थानीय प्राधिकरण का सदस्य है; या

(घ) संविधान के अधीन गठित किसी विधायी निकाय के लिये या किसी स्थानीय प्राधिकरण के लिये निर्वाचकों का रजिस्ट्रीकरण या अभ्यर्थी का चयन; या

(ड.) किसी भी प्रकार की राजनैतिक सभाओं का आयोजन या किसी भी प्रकार के राजनीतिक साहित्य या राजनीतिक दस्तावेजों का वितरण।

(2) नागरिक एवं राजनीतिक लाभों के लिये गठित निधि का अभिदान व्यवसाय संघ के सदस्यों पर पृथक् रूप से अधिरोपित किया जायेगा तथा ऐसा अभिदान सदस्यों द्वारा सामान्य निधि में दिये जाने वाले वार्षिक अभिदान के दोगुने से अधिक नहीं होगा।

व्यवसाय संघों के विवादों के न्यायनिर्णयन हेतु आवेदन की रीति

26–(1) संहिता की धारा 22 की उपधारा (1) के अधीन आवेदन, अधिकरण का व्यक्तिगत रूप से, या रजिस्ट्रीकृत डाक से या इलेक्ट्रानिक रूप से प्रपत्र–आठ में प्रस्तुत किया जायेगाः

परन्तु यह कि ऐसा आवेदन केवल इस आधार पर अस्वीकृत नहीं किया जायेगा कि आवेदन विहित प्रपत्र में नहीं है।

(2) आवेदन रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ के किसी सदस्य या पदाधिकारी अथवा मान्यता प्राप्त परिसंघ के किसी सदस्य अथवा पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

(3) आवेदन में धारा 22 की उप–धारा (1) में उपबंधित विवाद का पूर्ण विवरण और विरोधी पक्षकारों का नाम तथा पता अन्तर्विष्ट होंगे।

(4) आवेदन शुल्क दस रूपया होगा, जो न्यायालय स्टाम्प शुल्क के माध्यम से संदत्त किया जायेगा।

व्यवसाय संघ के समामेलन की रीति

27–(1) कोई दो या दो से अधिक व्यवसाय संघ, अपने संघों के समामेलन हेतु व्यवसाय संघ के रजिस्ट्रार को प्रपत्र–नौ पर आवेदन कर सकते हैं।

(2) समामेलन के आवेदन के साथ उनके संघों के कम से कम तीन चौथाई सदस्यों द्वारा पारित संकल्प संलग्न किये जायेंगे।

(3) रजिस्ट्रार ऐसी जाँच, जैसा कि वह उचित समझे, करने के पश्चात, यदि सन्तुष्ट होता है तो, संघों के समामेलन को प्रपत्र–दस में रजिस्टर में अभिलिखित करेगा।

विघटित किये जाने के पश्चात व्यवसाय संघ की निधियों का वितरण

28–(1) जहाँ संहिता की धारा 25 की उप–धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रार के लिये यह आवश्यक हो कि वह ऐसे व्यवसाय संघ, जिसका विघटन हो चुका हो, की निधि का वितरण करे, वह ऐसी निधियों का वितरण, विघटन होने की नोटिस जारी होने के दिनांक पर व्यवसाय संघ के अभिलेखों में अंकित सदस्यों के मध्य उनके द्वारा उनकी सदस्यता अवधि के दौरान संघ में अभिदान के रूप में किये गये अंशदान की धनराशि के अनुपात में करेगा।

(2) विघटन होने के दिनांक के उपरान्त परन्तु निधि के वितरण होने के पूर्व, व्यवसाय संघ के किसी सदस्य की मृत्यु होने की दशा में, रजिस्ट्रार, ऐसे सदस्य को देय धनराशि का भुगतान उसके विधिक उत्तराधिकारियों को करेगा।

वार्षिक विवरणी

29–संहिता की धारा 26 के अधीन दी जाने वाली वार्षिक विवरणी, प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई तक, इलेक्ट्रानिक या हस्तकृत रूप से रजिस्ट्रार को प्रस्तुत की जायेगी जिसमें नियम 30 के उपबन्धों के अनुसार सम्यक् रूप से लेखा–परीक्षित प्रपत्र–ग्यारह में विहित विशिष्टियों का पूर्ण और सही विवरण अन्तर्विष्ट होगा।

लेखा–परीक्षा

30–(1) इस नियम के उपनियम (2), (3), (4) व (5) में यथा उपबंधित के सिवाय किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ की लेखाओं की वार्षिक लेखा–परीक्षा विधि के अधीन कम्पनियों की लेखाओं की लेखा–परीक्षा करने हेतु प्राधिकृत किसी लेखा–परीक्षक द्वारा संचालित की जायेगी।

(2) जहाँ वित्तीय वर्ष के दौरान किसी समय किसी व्यवसाय संघ की कुल प्राप्ति पचास हजार रूपये से अधिक न रही हो, वहाँ लेखाओं की वार्षिक लेखा–परीक्षा व्यवसाय संघ के किन्हीं दो सदस्यों द्वारा संचालित की जा सकती है।

(3) जहाँ वित्तीय वर्ष के दौरान किसी समय किसी व्यवसाय संघ की कुल प्राप्ति एक लाख रूपये से अधिक न रही हो, वहाँ लेखाओं की वार्षिक लेखा–परीक्षा निम्नलिखित द्वारा संचालित की जा सकती हैः–

(क) ऐसे किन्हीं दो व्यक्तियों द्वारा जो किसी नगर पालिका परिषद, जिला परिषद या विधायी निकाय के सदस्य के रूप में पद धारित करते हों; या

(ख) किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो सरकार के अधीन किसी लेखा या लेखा विभाग में नियुक्त रहा हो तथा प्रतिमाह अन्यून तीस हजार रूपया पेंशन प्राप्त कर रहा हो;

(ग) किसी ऐसे लेखा–परीक्षक द्वारा जो सरकार द्वारा या सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा या इस प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी राज्य सहकारी संगठन द्वारा किन्हीं सहकारी समितियों की लेखा–परीक्षा संचालित करने हेतु नियुक्त हो।

(4) जहाँ वित्तीय वर्ष के दौरान किसी समय किसी व्यवसाय संघ की कुल प्राप्ति पाँच लाख रूपये से अधिक न रही हो, वहाँ लेखाओं की लेखा–परीक्षा का संचालन निम्नलिखित के द्वारा किया जा सकता है:–

(क) परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा; या

(ख) कोई स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, जो स्थानीय सरकार द्वारा नियुक्त हो; या

(ग) ऐसा व्यक्ति, जो सरकार के अधीन किसी लेखा–परीक्षा अथवा लेखा विभाग में नियुक्त रहा हो तथा प्रतिमाह अन्यून पचास हजार रूपये पेंशन प्राप्त कर रहा हो।

(5) जहाँ व्यवसाय संघ, संघों का परिसंघ हो, वहाँ परिसंघ के लेखाओं की लेखा–परीक्षा उस रीति से संचालित की जायेगी जैसा कि व्यवसाय संघों की लेखा–परीक्षा हेतु उपनियम (2), (3) तथा (4) में विहित हो।

(6) उपनियम, (1), (2), (3), (4) तथा (5) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी कोई व्यक्ति, जिसे वर्ष के दौरान किसी समय व्यवसाय संघ से सम्बन्धित निधि अथवा उसके आँशिक भाग अथवा उसकी प्रतिभूतियाँ सौपी गई हों, उस संघ के लेखाओं की लेखा–परीक्षा करने हेतु पात्र नहीं होगा।

(7) तदनुसार नियुक्त लेखा–परीक्षक या लेखा–परीक्षकगण की व्यवसाय संघ के सभी पुस्तिकाओं तक पहुंच होगी और वह/वे तत्सम्बन्धी लेखाओं तथा बाऊचरों सहित वार्षिक विवरणी का सत्यापन करेगा/करेंगे और प्रपत्र–ग्यारह में संलग्न लेखा–परीक्षक घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करेगा/करेंगे।

(8) रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ के राजनैतिक निधि की लेखा–परीक्षा के साथ व्यवसाय संघ के सामान्य लेखा की लेखा–परीक्षा उसी/उन्हीं लेखा–परीक्षक या लेखा–परीक्षकों द्वारा की जायेगी।

राज्य व्यवसाय संघ की मान्यता

31–(1) राज्य स्तर पर राज्य व्यवसाय संघ के रूप में मान्यता के लिये कोई व्यवसाय संघ या व्यवसाय संघों का परिसंघ, इस प्रयोजन से प्रपत्र–तेरह में लिखित रूप में अपना आवेदन राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगा। ऐसा आवेदन, उस व्यवसाय संघ के सचिव अथवा व्यवसाय संघों के परिसंघ के सचिव द्वारा हस्ताक्षरित होगा तथा उसके साथ ऐसे व्यवसाय संघ अथवा परिसंघ के कम से कम पचास प्रतिशत या उससे अधिक सदस्यों द्वारा समर्थन प्राप्त संकल्प संलग्न किया जायेगा।

(2) उप नियम (1) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर राज्य सरकार ऐसी जाँच, जिसे वह उचित समझती हो, करने के पश्चात्, परिसंघ को मान्यता प्रदान करेगी अथवा आवेदन निरस्त कर सकती है। यदि परिसंघ को मान्यता प्रदान किया जाता है, तो उसका नाम सरकारी गजट में अधिसूचित किया जायेगा अन्यथा की दशा में आवेदक को उसके आवेदन की प्रास्थिति से राज्य सरकार द्वारा लिखित रूप में अवगत कराया जायेगा।

(3) राज्य सरकार, व्यवसाय संघ अथवा संघों के परिसंघ से, उसे राज्य स्तरीय व्यवसाय संघ अथवा परिसंघ, जैसा भी मामला हो, मान्यता प्रदान करने के पूर्व अथवा उसके पश्चात किसी भी समय ऐसे व्यवसाय संघ अथवा परिसंघ से ऐसी सूचना, जैसा कि वह आवश्यक समझे माँग सकती है तथा व्यवसाय संघ अथवा परिसंघ ऐसी माँगी गयी सूचना उपलब्ध करायेगा।

(4) ऐसा प्रत्येक मान्यता प्राप्त व्यवसाय संघ अथवा संघों के परिसंघ–

(क) राज्य सरकार को, अपने मुख्य कार्यालय के पते और पदधारियों को समाविष्ट करते हुये कार्यकारिणी में सदस्यों के प्रत्येक परिवर्तन को सात दिन के अन्दर प्रपत्र–चौदह में संसूचित करेगा; और

(ख) राज्य सरकार को प्रपत्र–पन्द्रह में सहबद्ध संघों की एक सूची प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह की 31 तारीख तक, प्रस्तुत करेगा।

(5) राज्य सरकार किसी भी समय और लिखित रूप से लेखबद्ध किये गये कारणों से उपरोक्त उप नियम (2) के अधीन संघों के परिसंघ को प्रदत्त मान्यता को प्रत्याहृत कर सकती है।

(6) उप नियम (2) अथवा (5) के अधीन राज्य सरकार के आदेश से क्षुब्ध पक्षकार ऐसे आदेश की प्राप्ति के दिनांक से एक माह के अन्दर अधिकरण के समक्ष अपील करेगा जिसका विनिश्चय मामले में, अन्तिम और आबद्धकारी होगा।

अध्याय–चार

स्थायी आदेश

धारा 30 की उप–धारा (3) के अधीन प्रमाणनकर्ता अधिकारी को सूचना अग्रसारित किये जाने की रीति

32–(1) यदि नियोजक अपने औद्योगिक अधिष्ठान या उपक्रम से सुसंगत मामलों में धारा 29 में निर्दिष्ट केन्द्र सरकार का आदर्श स्थाई आदेश अंगीकृत करता है, तो वह सम्बन्धित प्रमाणनकर्ता अधिकारी को इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा रूप से उस विनिर्दिष्ट दिनाँक के सम्बन्ध में सूचना देगा जिस दिनाँक से उसके अधिष्ठान के लिये सुसंगत आदर्श स्थायी आदेश के उपबन्ध अंगीकृत किये गये हों।

(2) उप–नियम (1) में सूचना प्राप्त किये जाने पर प्रमाणनकर्ता अधिकारी, ऐसी प्राप्ति से तीस दिन की अवधि के भीतर अपनी टिप्पणी दे सकता है कि नियोजक से ऐसे कतिपय उपबन्धों को सम्मिलित करने की अपेक्षा की जाती है जो उसके अधिष्ठान के लिये सुसंगत हों किन्तु जो अंगीकृत न किये गये हों और वह नियोजक को यह निदेश भी देगा कि वह इस प्रकार अंगीकृत किये गये स्थायी आदेश में, ऐसा निदेश प्राप्त किये जाने के दिनाँक से तीस दिन की अवधि के भीतर परिवर्धन, विलोपन या उपान्तरण के माध्यम से संशोधन करे और प्रमाणनकर्ता अधिकारी नियोजक से इलेक्ट्रानिक या अन्य रूप से केवल ऐसे उपबन्धों, जिनके संशोधन के सम्बन्ध में निदेश दिये गये हैं, अनुपालन रिपोर्ट की माँग करेगा।

(3) यदि प्रमाणनकर्ता अधिकारी द्वारा उपनियम (1) और (2) में यथा विनिर्दिष्ट सूचना प्राप्त किये जाने के तीस दिन की अवधि के भीतर कोई टिप्पणी नही की जाती है, तो स्थायी आदेश नियोजक द्वारा अंगीकृत किया गया समझा जायेगा।

जहाँ धारा 30 की उप–धारा (5) के खण्ड (दो) के अधीन कोई व्यवसाय संघ प्रचलित न हो वहाँ प्रमाणनकर्ता अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किये जाने हेतु औद्योगिक अधिष्ठान या उपक्रम के कर्मकारों के प्रतिनिधियों को चुनने की रीति

33–जहाँ धारा 30 की उप–धारा (5) के खण्ड (तीन) में यथा निर्दिष्ट कोई व्यवसाय संघ न हो, वहाँ प्रमाणनकर्ता अधिकारी सदस्य के रूप में कर्मकारों के पाँच प्रतिनिधियों का निर्वाचन कर्मकारों द्वारा स्वयं किये जाने अथवा निरीक्षक–सह–सुविधादाता के माध्यम से करने की अपेक्षा कर सकता है और नोटिस प्राप्त किये जाने के दिनाँक से पन्द्रह दिन के भीतर प्रस्तुत किये जाने वाले स्थायी आदेश के आलेख में आपत्तियाँ, यदि कोई हों, जिन्हें किया जाना कर्मकारों के लिये वाँछित हो, की अपेक्षा करते हुये स्थायी आदेश की प्रति अग्रसारित करेगा।

धारा 30 की उप–धारा (8) के अधीन प्रमाणित स्थायी आदेश की अभिप्रमाणन की रीति

34–धारा 30 की उप–धारा (8) के अनुसरण में प्रमाणित स्थायी आदेश या स्थायी आदेश में कृत उपान्तरण या धारा 33 के अधीन अपीलीय प्राधिकारी के आदेश की प्रतियाँ, यथास्थिति, प्रमाणनकर्ता अधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित की जायेंगी और समस्त सम्बन्धित को एक सप्ताह के भीतर, इलेक्ट्रानिक या अन्यथा रीति से प्रेषित की जायेंगी, तथा उसका विवरण इस उद्देश्य के लिये प्रपत्र–सोलह में अनुरक्षित किये जाने वाले रजिस्टर में अभिलिखित किया जायेगा।

ऐसी स्थिति में, जहाँ नियोजक द्वारा स्थायी आदेशों का डीम्ड आधार पर प्रमाणन प्राप्त किया गया हो या माडल स्थायी आदेशों को अंगीकृत किया गया हो, प्रमाणनकर्ता अधिकारी ऐसे प्रयोजन के लिये प्रपत्र–सत्रह में औद्योगिक अधिष्ठान के लिये प्रमाण–पत्र निर्गत करेगा तथा उसकी एक प्रति समस्त सम्बन्धित को इलेक्ट्रानिक या अन्यथा रीति से भेजेगा और उसका विवरण इस उद्देश्य के लिये प्रपत्र–सोलह में अनुरक्षित किये जाने वाले रजिस्टर में अभिलिखित किया जायेगा।

धारा 30 की उप–धारा (9) के अधीन स्थायी आदेश के प्रारूप के साथ संलग्न किया जाने वाला विवरण

35–संलग्न किये जाने वाले विवरण–

(क) स्थायी आदेश के प्रारूप में औद्योगिक अधिष्ठान या सम्बन्धित उपक्रम का नाम, पता, ई–मेल पता (यदि सम्भव हो), सम्पर्क नम्बर, उसमें नियोजित कर्मकारों की संख्या तथा विवरण, जिसमें उस व्यवसाय संघ का विवरण भी समाविष्ट हो, जिससे ऐसे कर्मकार सम्बन्धित हों; और

(ख) विद्यमान स्थायी आदेश के उपान्तरण प्रारूप में प्रवृत्त स्थायी आदेश के प्रत्येक सुसंगत उपबन्ध, उसमें किये जाने वाले प्रस्तावित उपान्तरण और तत्सम्बन्धी कारणों के विवरण से अन्तर्विष्ट सारणीबद्ध विवरण, जो औद्योगिक अधिष्ठान या उपक्रम द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होगा, सहित उपान्तरण किये जाने हेतु प्रस्तावित स्थायी आदेशों की विशिष्टियाँ अन्तर्विष्ट होंगी।

धारा 30 की उप–धारा (10) के अधीन समान अधिष्ठान में स्थायी आदेश के प्रारूप को प्रस्तुत किये जाने की शर्तें

36–यदि जहाँ कोई नियोजक समूह समान औद्योगिक अधिष्ठानों में लगा हुआ हो, वहाँ ऐसा समूह सम्बन्धित व्यवसाय संघ से परामर्श करने के पश्चात धारा 30 की उप–धारा (1), (5), (6), (8) व (9) में विनिर्दिष्ट कार्यवाहियों के प्रयोजनार्थ उक्त धारा के अधीन संयुक्त स्थायी आदेश का प्रारूप प्रस्तुत कर सकता है:

परन्तु यह कि समान औद्योगिक अधिष्ठानों में लगे हुए नियोजक समूह की दशा में संयुक्त स्थायी आदेश का तैयार किया गया प्रारूप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश को प्रस्तुत किया जायेगा, जो सम्बन्धित प्रमाणनकर्ता अधिकारियों से परामर्श करके ऐसे संयुक्त स्थायी आदेश को या तो प्रमाणित करेगा अथवा कारणों का उल्लेख करते हुये प्रमाणित करने से इन्कार कर सकेगा।

धारा 32 के अधीन अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपील निस्तारित किये जाने की रीति

37–(1) धारा 30 की उप–धारा (5) के अधीन प्रदत्त प्रमाणनकर्ता अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील करने हेतु इच्छुक कोई नियोजक या व्यवसाय संघ या वार्ताकारी संघ, ऐसा आदेश प्राप्त किये जाने के साठ दिन के भीतर सारणीबद्ध प्रपत्र में एक ऐसा अपील ज्ञापन तैयार करेगा जिसमें स्थायी आदेशों के ऐसे उपबन्ध उल्लिखित होंगे, जिन्हें परिवर्तित किया जाना या उपान्तरित किया जाना या विलोपित किया जाना या उनके कारणों को परिवर्द्धित किया जाना अपेक्षित है और उक्त अपील ज्ञापन को अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रानिक रूप से, ऐसी प्रतियों में जैसा कि अपेक्षित हो, दाखिल किया जायेगा।

(2) अपीलीय प्राधिकारी नियोजक, कर्मकारों के व्यवसाय संघ, कर्मकारों प्रतिनिधियों और अपीलार्थी कर्मकार से भिन्न अन्य कर्मकारों को, जैसा कि वह आवश्यक समझे, आहूत कर सकता है। अपीलार्थी प्रत्येक प्रत्यर्थी को अपील ज्ञापन की एक प्रति उपलब्ध करायेगा।

(3) अपीलीय प्राधिकारी, अपीलार्थी और विरोधी पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् कार्यवाही के किसी प्रक्रम में ऐसे किसी साक्ष्य की माँग कर सकता है, जिसे वह अपील के निस्तारण के लिये आवश्यक समझे और वह अपील दाखिल करने के साठ दिन के भीतर या तो स्थायी आदेशों की पुष्टि करते हुये या स्थायी आदेशों को उपान्तरित करने हेतु नियोजक को निदेशित करते हुये एक आदेश पारित करेगा।

धारा 33 की उप–धारा (1) और (2) के अधीन स्थायी आदेश की भाषा और उसका अनुरक्षण करने की रीति

38–अन्तिम रूप से यथाप्रमाणित या प्रमाणित किये गये या समझे गये स्थायी आदेश अथवा इस अध्याय के अन्तर्गत अंगीकृत आदर्श स्थायी आदेश का पाठ, नियोजक द्वारा हिन्दी तथा अंग्रेजी में अनुरक्षित किया जायेगा तथा उसका प्रदर्शन औद्योगिक अधिष्ठान में एक सहज दृश्य स्थान पर नोटिस बोर्ड पर किया जायेगा।

धारा 34 के अधीन स्थायी आदेश की अंतिम रूप से प्रमाणित प्रति के लिये रजिस्टर

39–(1) प्रमाणनकर्ता अधिकारी, प्रमाणित या प्रमाणित किये गये या समझे गये समस्त स्थायी आदेशों अथवा समस्त सम्बन्धित औद्योगिक अधिष्ठानों के अंगीकृत आदर्श स्थायी आदेशों का एक रजिस्टर प्रपत्र–सोलह में इलेक्ट्रानिक रूप में या अन्यथा रूप में अनुरक्षित करेगा।

(2) प्रमाणनकर्ता अधिकारी, प्रमाणित स्थायी आदेशों या प्रामाणित किये गये या समझे गये स्थायी आदेशों की प्रति, तद्निमित्त आवेदन करने वाले किसी व्यक्ति को यथास्थिति प्रमाणित स्थायी आदेशों या प्रमाणित किये गये माने गये स्थायी आदेशों के प्रति पृष्ठ दो रूपये का संदाय किये जाने पर प्रदान करेगा।

धारा 35 की उप–धारा (2) के अधीन स्थायी आदेश उपान्तरण आवेदन

40–धारा 35 की उप–धारा (2) के अधीन किसी विद्यमान स्थायी आदेश के उपान्तरण हेतु आवेदन इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा प्रस्तुत किया जायेगा और उसके साथ ऐसे स्थायी आदेश का सारणीबद्ध रूप से विवरण, जिसमें उपान्तरण किया जाना प्रस्तावित है, में विद्यमान स्थायी आदेशों के सुसंगत उपबन्ध, कारण सहित प्रस्तावित उपान्तरण का विवरण, औद्योगिक अधिष्ठान में संचालित रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघों का विवरण दाखिल किया जायेगा और ऐसा विवरण औद्योगिक अधिष्ठान या उपक्रम द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षरित होगा।

अध्याय–पाँच
परिवर्तन की नोटिस

धारा 80 के खण्ड (1) के अधीन प्रभावी किये जाने हेतु प्रस्तावित परिवर्तन के लिये नोटिस दिये जाने की रीति

41–(1) संहिता के तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी मामले के सम्बन्ध में किसी कर्मकार के लिये लागू सेवा–शर्तों में कोई परिवर्तन प्रवर्तित करना चाहने वाला कोई नियोजक, ऐसे परिवर्तन से प्रभावित किसी कर्मकार को प्रपत्र–अठारह में नोटिस देगाः

परन्तु यह कि ऐसी कोई नोटिस, संहिता के अधीन किसी विधिक करार अथवा किसी औद्योगिक अधिकरण या मध्यस्थ के निर्णय या अभिनिर्णय को क्रियान्वित करने के लिये अपेक्षित नहीं है।

(2) उपनियम–1 में निर्दिष्ट नोटिस, नियोजक द्वारा औद्योगिक अधिष्ठान के मुख्य प्रवेश द्वार और औद्योगिक अधिष्ठान के सम्बन्धित प्रबन्धक कार्यालय के सूचना पट्ट पर सहजदृश्य रूप में प्रदर्शित की जायेगीः

परन्तु यह कि जहाँ औद्योगिक अधिष्ठान से सम्बन्धित कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ हो या रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ हों, वहाँ, ऐसी नोटिस की एक प्रति, यथास्थिति, ऐसे व्यवसाय संघ के सचिव या ऐसे व्यवसाय संघों के प्रत्येक सचिव को तामील की जायेगी।

अध्याय–छः

विवादों को स्वेच्छा से माध्यस्थम के लिये निर्दिष्ट किया जाना

धारा 42 की उप–धारा (3) के अधीन माध्यस्थम करार और उसकी रीति का प्रपत्र

42–(1) जहाँ नियोजक तथा कर्मकार, विवाद माध्यस्थम को निर्दिष्ट करने हेतु सहमत हों, वहाँ माध्यस्थम करार समझौता प्रपत्र–उन्नीस में किया जायेगा और उस पर करार के पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा। उक्त करार के साथ माध्यस्थम या माध्यस्थमों के लिये पक्षकारों की लिखित अथवा इलेक्ट्रानिक सहमति संलग्न की जायेगी।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट माध्यस्थम करार पर हस्ताक्षर–

(क) किसी नियोजक के मामले में, नियोजक द्वारा स्वयं किया जायेगा अथवा जब नियोजक कोई निगमित कम्पनी या अन्य निगमित निकाय हो तो अभिकर्ता, प्रबन्धक, या ऐसे प्रयोजनों हेतु प्राधिकृत निगम के अन्य अधिकारी द्वारा किया जायेगा;

(ख) कर्मकारों के मामले में, इस निमित्त प्राधिकृत रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ के अधिकारी द्वारा अथवा ऐसे प्रयोजन के लिये आयोजित सम्बन्धित कर्मकारों की बैठक में इस निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत कर्मकारों के तीन प्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा;

(ग) किसी वैयक्तिक कर्मकार के मामले में, स्वयं कर्मकार द्वारा अथवा ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ, जिसका उक्त कर्मकार सदस्य हो, के किसी अधिकारी द्वारा किया जायेगा;

स्पष्टीकरण:

(1) नियम 41 के उप–नियम (2) के खण्ड (क) के अधीन प्रयुक्त शब्द ''अधिकारी'' का तात्पर्य नियोजकों के किसी संघ द्वारा प्राधिकृत अधिकारी से भी है।

(2) नियम 41 के उप–नियम (2) के खण्ड (ख) के अधीन प्रयुक्त शब्द ''व्यवसाय संघ के अधिकारीगण'' का तात्पर्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव अथवा इस निमित्त व्यवसाय संघ के अध्यक्ष और सचिव द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी से है।

धारा 42 की उप–धारा (5) के अधीन अधिसूचना जारी किये जाने की रीति

43–जहाँ कोई औद्योगिक विवाद माध्यस्थम को निर्दिष्ट किया गया हो और राज्य सरकार को यह समाधान हो गया हो कि निर्दिष्ट करने वाले व्यक्ति प्रत्येक पक्षकार के बहुमत का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहाँ इस निमित्त ऐसे नियोजकों और कर्मकारों, जो माध्यस्थम करार के पक्षकार न हों, किन्तु उस विवाद से सम्बद्ध हों, की सूचना के लिये गजट में अधिसूचना प्रकाशित करेगी और ऐसे पक्षकार ऐसे प्रयोजन हेतु नियुक्त किये गये माध्यस्थम या माध्यमस्थमों, के समक्ष, यथास्थिति अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकेंगें।

जहाँ धारा 42 की उप–धारा (5) के अधीन कोई व्यवसाय संघ न हो, वहाँ कर्मकारों के प्रतिनिधियों को चुने जाने की रीति

44–जहाँ कोई व्यवसाय संघ न हो वहाँ मध्यस्थ या मध्यस्थों के समक्ष कर्मकारों के मामले का प्रतिनिधित्व करने हेतु कर्मकारों के प्रतिनिधि का चुनाव, उक्त मामले का प्रतिनिधित्व करने हेतु उन्हें प्राधिकृत करते हुये प्रपत्र–बीस में सम्बन्धित कर्मकारों के बहुमत द्वारा पारित संकल्प के माध्यम से किया जायेगा। ऐसे कर्मकार उप प्रतिनिधियों के कार्यों से आबद्ध होंगे जो, यथास्थिति, माध्यस्थम अथवा माध्यस्थमों के समक्ष प्रतिनिधित्व करने हेतु प्राधिकृत किये गये हों।

अध्याय–सात

औद्योगिक विवादों के समाधान का तन्त्र

धारा 44 की उप–धारा (5) के अधीन औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक और प्रशासनिक सदस्यों की नियुक्ति की रीति, पदावधि, वेतन और भत्ते, त्यागपत्र, तथा सेवा की अन्य निबन्धन तथा शर्तें

45–(1) (क) औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक और प्रशासनिक सदस्यों की नियुक्ति, राज्य सरकार द्वारा चयन समिति की संस्तुति पर की जायेगी।

(ख) औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक सदस्यों की नियुक्ति उच्च न्यायालय के सेवारत एवं सेवानिवृत्त न्यायधीशों, उच्च न्यायिक सेवा के सदस्यों, राज्य न्यायिक सेवा के ऐसे सदस्यों, जो तीन वर्ष से अन्यून अवधि के लिये जिला न्यायाधीश अथवा अपर जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्त रहे हों, में से की जायेगी:

परन्तु यह कि किसी भी समय न्यायिक सदस्यों की कुल संख्या राज्य में स्थित अधिकरणों में न्यायिक एवं प्रशासनिक सदस्यों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(ग) औद्योगिक अधिकरण के प्रशासनिक सदस्यों की नियुक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवारत एवं सेवानिवृत्त सदस्यों, जो सेवा में कम से कम तीन वर्ष तक रहे हों या उत्तर प्रदेश राज्य श्रम सेवा के सदस्यों, जिनके पास कम से कम तीन वर्ष का अर्द्ध–न्यायिक एवं न्यायिक प्रकृति के कार्यों के निस्तारण का अनुभव हो तथा वह अपर/उप श्रमायुक्त रहे हों–

परन्तु यह कि यदि भविष्य में राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक अधिकरणों की संख्या में वृद्धि करती है, रिक्तियों की पूर्ति उपरोल्लिखित अनुपात में ही की जायेगी;

परन्तु यह भी कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्यों से नियुक्त किये गये कुल प्रशासनिक सदस्यों की संख्या किसी भी समय में राज्य में औद्योगिक अधिकरणों में कुल नियुक्त प्रशासनिक सदस्यों की संख्या के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी तथा शेष प्रशासनिक सदस्यों की रिक्तियों की पूर्ति राज्य श्रम सेवा के समूह–क के सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के मध्य से की जायेगी।

(2) औद्योगिक अधिकरणों के न्यायिक और प्रशासनिक सदस्यों की नियुक्ति के प्रयोजन से, राज्य सरकार प्राप्त आवेदनों में सम्यक् विचारोपरान्त उपयुक्त व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जिसमें सभी व्यक्तियों की योग्यताओं, उनके पूर्व कार्य निष्पादन तथा औद्योगिक विवादों के निस्तारण का अनुभव तथा न्यायिक/अर्द्ध–न्यायिक कार्यों का स्पष्ट अंकन किया जायेगा।

(3) चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे अर्थात् :–

(क) मुख्य न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद – अध्यक्ष;

(ख) मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन–सदस्य;

(ग) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, श्रम, उत्तर प्रदेश शासन–सदस्य;

(घ) श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश–सदस्य;

(ड.) विधि परामर्शी– सदस्य।

(4) चयन समिति संस्तुति करने के लिये अपनी प्रक्रिया अवधारित करेगी और औद्योगिक अधिकरण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते अर्हता, उपयुक्तता, पूर्व कार्य निष्पादन के अभिलेख, सत्यनिष्ठा और साथ ही साथ न्याय निर्णायिक अनुभव पर विचार करने के पश्चात दो या तीन व्यक्तियों के पैनल की संस्तुति करेगी जैसा कि वह प्रत्येक पद पर नियुक्ति के लिये आवश्यक समझे।

(5) कोई न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य अपना पद ग्रहण करने के दिनाँक से तीन वर्ष की अवधि के लिये अथवा पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिये, जो भी पहले हो, पद धारण करेगा।

(6) अधिकरण के न्यायिक और प्रशासनिक सदस्यों के वेतन भत्ते–

(क) किसी सेवारत न्यायिक/सरकारी अधिकारी की नियुक्ति के मामले में, उसे अनुमन्य विद्यमान वेतन और भत्ते पूर्ववर्ती सेवा की भाँति होंगे;

(ख) इन नियमों के अन्तर्गत नियुक्त सरकारी सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त व्यक्ति सिविल सर्विसेज रेग्युलेशन की धारा 520 के अन्तर्गत पुनर्नियोजित व्यवहृत होगा तथा वह अन्तिम आहरित वेतन में से पेन्शन की कुल धनराशि को घटाने के उपरान्त अवशेष को वेतन के रूप में प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा।

(7) न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त कोई सेवानिवृत्त व्यक्ति किरायामुक्त आवास सुविधा अथवा उस दर पर मकान किराया भत्ता के लिये हकदार होगा, जैसा कि उत्तर प्रदेश सरकार के समान वेतन वाले समूह–''क'' के किसी अधिकारी को अनुमन्य हो।

(8) न्यायिक सदस्य या प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त कोई सेवानिवृत्त व्यक्ति पेन्शन में किसी अस्थायी अथवा तदर्थ वृद्धि के लिये हकदार नहीं होगा।

(9) यदि न्यायिक अथवा प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त कोई सेवानिवृत्त व्यक्ति, नियुक्ति के दिनाँक से एक माह की अवधि के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करता है तो राज्य सरकार उसकी नियुक्ति को निरस्त कर सकती है और तत्पश्चात रिक्त पद प्रतीक्षा सूची के व्यक्ति से भर लिया जायेगा।

(10) यदि किसी कारण से कोई रिक्ति, औद्योगिक अधिकरण में होती है जो उसे इस नियम के उप नियम (4) में विहित रीति से भरा जायेगा।

(11) राज्य सरकार, यदि आवश्यक समझे, किसी औद्योगिक अधिकरण में नियुक्त किसी न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य को अन्य औद्योगिक अधिकरण में स्थानान्तरित कर सकती है और किसी औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य को अतिरिक्त कार्यभार अन्य औद्योगिक अधिकरण के न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य को सौंप सकती है।

(12) (क) यदि न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के रूप में कृत्यों का निष्पादन करने हेतु कदाचार या अक्षमता का आरोप अभिकथित करने वाली कोई लिखित और सत्यापन योग्य शिकायत राज्य सरकार द्वारा प्राप्त की जाती है तो वह ऐसी शिकायत की प्रारम्भिक संवीक्षा करेगी;

(ख) यदि किसी प्रारम्भिक संवीक्षा के आधार पर राज्य सरकार की यह राय हो कि किसी न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के किसी कदाचार या अक्षमता की सत्यता की जाँच किये जाने के युक्तियुक्त आधार हैं तो वह ऐसी जाँच करायेगी जिसकी अध्यक्षता चयन समिति के नाम–निर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा की जायेगी;

किन्तु यह कि किसी न्यायिक सदस्य के विरूद्ध जाँच के मामले में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति से परामर्श प्राप्त किया जायेगा;

(ग) जाँच अधिकारी छः माह की समयावधि में या ऐसी अग्रेतर अवधि, जैसा कि चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये, के अन्तर्गत जाँच पूर्ण करेगा।

(घ) जाँच पूर्ण करने के पश्चात जाँच अधिकारी सम्पूर्ण मामले में ऐसी टिप्पणियों, जैसा कि वह उचित समझे, के साथ निष्कर्षों तथा प्रत्येक आरोप के पृथक–पृथक कारणों को उल्लिखित करते हुये राज्य सरकार को उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(ड.) चयन समिति सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (अधिनियम संख्या 5 सन् 1908) द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से बाध्य नहीं होगी किन्तु नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त से मार्गदर्शित होगी तथा उसके पास जाँच हेतु दिनांक, स्थान तथा समय, नियत करने के साथ अपनी प्रक्रिया को विनियमित करने की शक्ति होगी।

(13) नैसर्गिक न्याय का मूल प्रदान करने के पश्चात राज्य सरकार किसी न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य को औद्योगिक अधिकरण से हटा सकती है।

(14) न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त कोई सेवानिवृत्त व्यक्ति, किसी समय राज्य सरकार को सम्बोधित लिखित स्वहस्ताक्षर से इस आशय की नोटिस देकर अपना पद त्याग कर सकता है।

(15) राज्य सरकार चयन समिति की संस्तुति पर पद से ऐसे किसी न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य को हटा देगी, जो–

(क) दिवालिया/न्यायनिर्णीत किया गया हो; या

(ख) ऐसे अपराध का सिद्धदोषी हो जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित हो; या

(ग) ऐसे न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम हो गया हो; या

(घ) ऐसा वित्तीय या अन्य हित अर्जित कर लिया हो, जिससे कि न्यायिक सदस्य या प्रशासनिक सदस्य के रूप में कृत्य करने पर उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो; या

(ड.) अपने पद का ऐसा दुरूपयोग किया हो जिससे कि उस पर बने रहने से लोकहित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा होः

परन्तु यह कि किसी न्यायिक/प्रशासनिक सदस्य को खण्ड (ख) से खण्ड (ड.) में विनिर्दिष्ट किसी आधार पर हटाया जाना प्रस्तावित हो वहाँ उसके विरूद्ध आरोपों की सूचना उसे प्रदान की जायेगी और उन आरोपों के सम्बन्ध में सुनवाई का अवसर प्रदान किया जायेगाः

परन्तु यह भी कि न्यायिक सदस्य को हटाने के मामले में, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति से परामर्श लिया जायेगा।

(16) सेवाओं के निबन्धन और शर्तों से सम्बन्धित मामले, जिसके सम्बन्ध में इस नियमावली में कोई स्पष्ट उपबंध न किये गये हों, का विनिश्चय राज्य सरकार द्वारा चयन समिति के अध्यक्ष के परामर्श से किया जायेगा।

(17) सेवानिवृत्त न्यायिक/सरकारी अधिकारी के मामले में कार्य समाप्ति के पश्चात गृह नगर से मुख्यालय तथा विपर्यय रूप में औद्योगिक अधिकरण में कार्यभार ग्रहण करने के लिये अन्तरण यात्रा भत्ता उसी प्रकार से अनुमन्य होगा, जैसा कि समान वेतन वाले राज्य सरकार के समूह–''क'' का पद धारण करने वाले अधिकारी को हक होता है।

(18) राज्य सरकार को औद्योगिक न्यायाधिकरण के न्यायिक/प्रशासनिक सदस्यों की नियुक्ति, वेतन और भत्तों, त्यागपत्र और सेवा की अन्य निबन्धन और शर्तों के सम्बन्ध में इस नियमावली के किसी उपबन्ध को शिथिल करने की शक्ति होगी।

(19) न्यायिक सदस्य या प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति, यथास्थिति अपना पद ग्रहण करने से पूर्व प्रपत्र–इक्कीस में पद और गोपनीयता की शपथ लेगा और हस्ताक्षर करेगा।

(20) अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात् इस नियमावली के अधीन पद पर नियुक्त कोई व्यक्ति, वित्तीय हस्तपुस्तिका के खण्ड (दो) भाग दो से चार के समनुषंगी नियम 197क के अधीन किसी अस्थायी सरकारी सेवक को अनुमन्य समस्त प्रकार के अवकाश हेतु अर्ह होगा।

धारा 53 की उप–धारा (1) के अधीन सुलह कार्यवाहियाँ आयोजित करने और उप–धारा (4) के अधीन पूर्ण रिपोर्ट की रीति

46–(1) जहाँ कोई औद्योगिक विवाद विद्यमान हो या उसकी आशंका हो या धारा 62 के अधीन नोटिस दी गयी हो, वहाँ सुलह अधिकारी ऐसी सूचना या नोटिस की प्राप्ति पर सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस जारी करेगा जिसमें यह घोषित किया जायेगा कि वह ऐसी तिथि, समय और स्थान, जैसा कि वह उचित समझे, पर सुलह सम्बंधी कार्यवाही प्रारम्भ करने का इरादा रखता है तथा प्रश्नगत विवाद का निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण समझौता करने का प्रयास करेगा।

(2) किसी औद्योगिक विवाद में समझौता के लिये आवेदन–पत्र प्रपत्र–बाइस में सम्बंधित क्षेत्र के सुलह अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है

(एक) कर्मकार की दशा में–

(क) सम्बन्धित कर्मकार द्वारा स्वयं; या

(ख) व्यवसाय संघ के किसी अधिकारी द्वारा, जिसका वह सदस्य है या संघों के परिसंघ के किसी अधिकारी द्वारा जिससे कि ऐसा संघ संबद्ध हो; या

(ग) जहाँ कर्मकारों का कोई संघ विद्यमान न हो, वहाँ प्रतिष्ठान या उद्योग में नियोजित कर्मकारों के पाँच प्रतिनिधियों द्वारा जो उक्त प्रयोजनार्थ आयोजित बैठक में उस प्रतिष्ठान या उद्योग में नियोजित कर्मकारों के बहुमत द्वारा इस निमित्त सम्यक रूप से निर्वाचित हों या प्रतिष्ठान में नियोजित समस्त कर्मकारों द्वारा, यदि उनकी संख्या पाँच से अधिक न हो; और

(दो) नियोजक के मामले में–

(क) नियोजक द्वारा स्वयं; या

(ख) नियोजकों के किसी संघ या संगम के किसी अधिकारी द्वारा, जिसका नियोक्ता सदस्य हो; या

(ग) नियोजकों के किसी संघ के परिसंघ या संगम के किसी अधिकारी द्वारा, जो उपरोक्त खण्ड (ख) में निर्दिष्ट संघ या संगम से सम्बद्ध किया गया हो; या

(घ) जहाँ नियोजक कोई निगमित कम्पनी या अन्य निगमित निकाय हो वहाँ उसके किसी अभिकर्ता, प्रबंधक या निगम के किसी मुख्य अधिकारी द्वारा।

(3) जहाँ सुलह अधिकारी किसी आवेदन को ग्रहण करने से इंकार करता है, वहाँ वह ऐसे इंकार के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करेगा और इसे आवेदक को संसूचित करेगा जो, ऐसी प्राप्ति के एक माह के भीतर श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश के समक्ष ऐसे आदेश के विरूद्ध अपना अभ्यावेदन कर सकता है, जिसका इस मामले में विनिश्चय अन्तिम होगा।

(4) जहाँ सुलह अधिकारी को अध्याय–आठ के अधीन हड़ताल या तालाबन्दी की कोई नोटिस प्राप्त न हो, किन्तु वह विवाद में हस्तक्षेप करना आवश्यक समझे, तो वह ऐसे दिनाँक, जैसा कि वह उपयुक्त समझे, से सुलह कार्यवाहियाँ प्रारम्भ करने के अपने आशय की घोषणा करते हुये सम्बद्ध पक्षकारों को लिखित रूप में औपचारिक सूचना दे सकता है।

(5) सुलह अधिकारी समस्त पक्षकारों के प्रतिनिधियों की संयुक्त रूप से अथवा प्रत्येक पक्षकार की पृथक–पृथक बैठक आयोजित कर सकता है और कार्यवाहियों को द्रुतगति से तथा इस रीति से संचालित कर सकता है जैसा कि वह उचित समझे।

(6) सुलह अधिकारी नियोजक से अथवा कर्मकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले पक्षकार से अथवा किसी वैयक्तिक कर्मकार के मामले में किसी औद्योगिक विवाद में सम्मिलित स्वयं कर्मकार से सम्बन्धित सुलह अधिकारी के समक्ष विनिर्दिष्ट विवादग्रस्त मामले को उपवर्णित करते हुये विवरण प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है, जब कभी विवाद में उसके मध्यक्षेप की आवश्यकता हो।

(7) समझौता ज्ञापन–

(एक) सुलह अधिकारी के समक्ष अथवा सुलह कार्यवाही से बाहर अन्यथा कृत समझौता प्रपत्र–तेईस में होगा;

(दो) समझौता हस्ताक्षरित होगा–

(क) नियोजक के मामले में, स्वयं नियोजक द्वारा अथवा उसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा अथवा जब नियोजक निगमित कम्पनी या अन्य निगमित निकाय हो तब निकाय के अभिकर्ता, प्रबन्धक अथवा अन्य मुख्य अधिकारी द्वारा; और

(ख) किसी कर्मकार के मामले में, या तो स्वयं कर्मकार द्वारा या कर्मकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सक्षम, कर्मकार संघ के अध्यक्ष या सचिव द्वारा या ऐसे संघों के परिसंघ द्वारा या इस निमित्त ऐसे संघ या परिसंघ के अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत ऐसे संघ या परिसंघ के अधिकारी द्वारा या जहाँ ऐसा संघ नहीं हो, वहाँ इस प्रयोजन के लिये आयोजित कर्मकारों की बैठक में इस निमित्त सम्यक रूप से प्राधिकृत कर्मकारों के पाँच प्रतिनिधियों द्वारा।

(8) जहाँ के बोर्ड के समक्ष सुलह कार्यवाहियों के प्रक्रम से अन्यथा रूप में भिन्न किसी सुलह अधिकारी के समक्ष कोई समझौता होता है वहाँ सुलह अधिकारी उसकी रिपोर्ट सरकार को तथा उसकी प्रति श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश को प्रेषित करेगा।

(9) सुलह अधिकारी ऐसी अन्य प्रक्रिया का अनुसरण करेगा जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश से विनिर्दिष्ट किया जाय।

(10) सुलह अधिकारी द्वारा अपने समक्ष अपनी अधिकारिता के भीतर विवाद के सम्बन्ध में या तो सुलह प्रक्रियाओं के प्रक्रम में या अन्यथा प्रकार से कृत समझौतों को उस प्रयोजन के लिये प्रपत्र–चौबीस में अनुरक्षित रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा।

(11) जहाँ कोई विवाद या मामला सुलह अधिकारी के समक्ष लम्बित हो, वहाँ राज्य सरकार लिखित आदेश से, किसी ऐसे अन्य विवाद या मामले को, जो उन्हीं पक्षकारों के मध्य उद्भूत होता हो, समझौता हेतु निर्दिष्ट कर सकती है।

(12) सुलहकर्ता अधिकारी अपने समक्ष कार्यवाही की किसी भी अवस्था में, ऐसी रीति जैसा कि वह उचित समझे, से साक्ष्य स्वीकार कर सकता है, ग्रहण या मंगा सकता है।

(13) सुलहकर्ता अधिकारी द्वारा जारी नोटिस प्रपत्र–पच्चीस में होगी और वह किसी व्यक्ति से अन्वेषणाधीन मामला, जिसे सुलहकर्ता अधिकारी ऐसे अन्वेषण के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझे, से सम्बन्धित उसके कब्जे या नियन्त्रण के अधीन किन्हीं पुस्तकों, पत्रजातों या दस्तावेजों और वस्तुओं को अपने समक्ष प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है।

(14) सुलहकर्ता अधिकारी द्वारा जारी कोई नोटिस या तो वैयक्तिक परिदान द्वारा या रजिस्ट्रीकृत डाक से या इलेक्ट्रानिक रीति से या सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (अधिनियम संख्या 5 सन् 1908) में इस निमित्त विहित किसी अन्य रीति से तामील की जा सकती है।

(15) सुलहकर्ता अधिकारी के समक्ष सुलह कार्यवाहियों के अनुक्रम से भिन्न रूप में हुआ समझौता रजिस्ट्रीकरण आवेदन प्रपत्र–छब्बीस में किया जायेगा और समझौता के पक्षकारों या उनमें से किसी के द्वारा समझौते की तिथि से एक माह के अन्दर रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या वैयक्तिक परिदान द्वारा या इलेक्ट्रानिक रीति द्वारा, सम्बंधित क्षेत्र के सुलहकर्ता अधिकारी को भेजा जायेगा। समझौता ज्ञापन की एक प्रति सम्बन्धित अधिष्ठान के द्वार या द्वारों पर या निकटस्थ सूचना बोर्ड पर समझौता के पक्षकारों द्वारा लगायी जायेगी और रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन करने के पूर्व पन्द्रह दिन तक लगी रहेगी।

(16) समझौता के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन की प्राप्ति पर, सुलहकर्ता अधिकारी, यदि आवश्यक समझता है, तो जाँच कर सकता है। यदि जाँच के पश्चात सुलहकर्ता अधिकारी–

(क) समझौता को रजिस्ट्रीकृत करने का विनिश्चय करता है, जिसके लिये आवेदन किया गया हो, तो रजिस्ट्रीकरण प्रपत्र–चौबीस में किया जायेगा और रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रपत्र–सत्ताईस में समझौता के समस्त पक्षकारों को जारी किया जायेगा।

(ख) यदि सुलहकर्ता अधिकारी समझौता रजिस्ट्रीकृत करने से इन्कार कर देता है तो रजिस्टर से इन्कार करने के कारणों के साथ–साथ इस आशय की संसूचना समस्त समझौताकर्ता पक्षकारों को दी जायेगी;

(ग) सुलहकर्ता अधिकारी यथास्थिति समझौता के रजिस्ट्रीकरण की संसूचना या उसके पंजीकरण करने से इन्कार करने की सूचना, क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त, और श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश तथा राज्य सरकार को भी देगा।

(17) पक्षकारों का प्रतिनिधित्व–

(18) पक्षकार स्वविवेकानुसार सुलहकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रतिनिधित्व पा सकते हैं–

(एक) कर्मकार के मामले में–

(क) उस व्यवसाय संघ के अधिकारी द्वारा, जिसका वह सदस्य है; या

(ख) उन संघों के परिसंघ के अधिकारी द्वारा जिससे उपरोक्त खण्ड (क) में निर्दिष्ट संघ सहबद्ध किया गया है; और

(ग) जहाँ कर्मकारों का कोई संघ न हो, वहाँ किसी भी प्रतिनिधि द्वारा जो उस कर्मकार द्वारा सम्यक् रूप से नामनिर्दिष्ट किया गया हो, जो सरकार अथवा कार्यकारिणी के किसी सदस्य या अन्य अधिकारी द्वारा जारी किये गये किसी आदेश के अधीन सुलहकर्ता अधिकारी के समक्ष आवेदन करने हेतु अनुमन्य हो।

(दो) नियोजक के मामले में–

(क) नियोजक संघ या संगम के उस अधिकारी द्वारा जिसका नियोजक सदस्य हो; या

(ख) संघों के परिसंघ या कर्मचारी संगम के अधिकारी द्वारा जिससे उपरोक्त खण्ड (क) में निर्दिष्ट संघ या संगम सहबद्ध किया गया है; या

(ग) प्रतिष्ठान अधिकारी द्वारा यदि नियोजक द्वारा लिखित रूप में उसे प्राधिकृत किया गया हो:

परन्तु यह कि संघों के परिसंघ का कोई अधिकारी तब तक पक्षकारों के प्रतिनिधित्व करने का हकदार नहीं होगा जब तक कि परिसंघ इस प्रयोजन के लिये राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

(2) प्रतिनिधि के माध्यम से उपसंजात होने वाला पक्षकार उस प्रतिनिधि के कृत्यों से आबद्ध होगा।

(3) यदि उप–नियम (1) में निर्दिष्ट सुलह कार्यवाही में ऐसा कोई समझौता नहीं होता है, तो सुलहकर्ता अधिकारी एक पूर्ण रिपोर्ट सम्बन्धित पक्षकारों तथा राज्य सरकार को हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रानिक रूप से सुलह कार्यवाही समाप्त होने के सात दिन के भीतर प्रपत्र–अट्ठाइस पर भेजेगा।

(4) उप–नियम (18) में निर्दिष्ट रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ–साथ, यथास्थिति, नियोजक, कर्मकार अथवा व्यवसाय संघ के कथन अन्तर्विष्ट होंगे और इसमें पक्षकारों को मैत्रीपूर्ण समझौता कराने हेतु सुलहकर्ता अधिकारी द्वारा किये गये प्रयास, विवाद का समाधान कराने में पक्षकारों की अस्वीकृति के कारणों और सुलहकर्ता अधिकारी के निष्कर्ष अन्तर्विष्ट होंगे।

औद्योगिक अधिकरण को आवेदन और औद्योगिक अधिकरण द्वारा धारा 53 की उप–धारा (6) के अधीन आवेदन का विनिश्चय किये जाने की रीति

47–(1) यदि किसी विवाद का समझौता सुलह कार्यवाहियों के दौरान नहीं होता है तो, कोई भी पक्षकार प्रपत्र–उन्तीस में अधिकरण के समक्ष हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रानिक रूप से अथवा राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा नियम 44 के उप नियम (5) के अधीन रिपोर्ट के दिनाँक से नब्बे दिन के भीतर यथा अपेक्षित रीति से आवेदन कर सकता है।

(2) अधिकरण को किये गये आवेदन में ऐसा विवरण संलग्न होगा जिसमें विवाद के सम्पूर्ण ब्यौरे, दस्तावेज तथा उनकी सूची और विरोधी पक्षकारों के नाम, पते, सम्पर्क संख्यायें और ई–मेल पते (यदि सम्भव हो) अन्तर्विष्ट होंगे।

(3) आवेदक विरोधी पक्षकारों के पता सहित किसी रजिस्ट्रीकृत लिफाफे में उतनी संख्या में आवेदन प्रस्तुत करेगा, जितनी संख्या में विरोधी पक्षकार हों।

(4) यदि अधिकरण का प्रथम–दृष्टया यह समाधान हो जाता है कि विवाद का कारण विधिक कारण है तो वह विवाद का संज्ञान ले सकता है और ऐसा दिनाँक नियत करते हुये विरोधी पक्षकारों को नोटिस जारी कर सकता है, जो यथा सम्भव ऐसा आवेदन प्रस्तुत किये जाने के एक माह के भीतर होगा जिसके साथ विवाद उठाने वाले व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आवेदन तथा विवरण संलग्न होगा।

(5) यदि विरोधी पक्षकार व्यवसाय संघ या व्यवसाय संघों का परिसंघ हो तो व्यवसाय संघ या व्यवसाय संघों के परिसंघ के सचिव या महासचिव को नोटिस जारी की जायेगी और ऐसे सचिव या महासचिव को नोटिस तामील किया जाना क्रमशः संघ या परिसंघ को नोटिस तामील किया गया समझा जायेगा।

(6) यदि अधिकरण यह पाता है कि आवेदन नियमानुसार नहीं है, आवेदन अपूर्ण है या यह कि विवरण/दस्तावेज/पतायुक्त लिफाफा आवेदन के साथ संलग्न नहीं है तो विवाद उठाने वाले व्यक्ति को नियमानुसार उसे प्रस्तुत करने के लिये निदेश दे सकता है।

(7) जहाँ अधिकरण पाता है कि विवाद उठाने वाले पक्षकार ने, इसके निदेशों के बावजूद दावे की विवरणी तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि विरोधी पक्षकार या पक्षकारों को अग्रेसित नहीं की है, तो अधिकरण दावे की विवरणी और अन्य दस्तावेज समय पर दर्ज कराने के पर्याप्त कारण पाये जाने पर पन्द्रह दिन का विस्तार देते हुये सम्बन्धित पक्षकार को निदेश देगा कि वह विरोधी पक्षकार या पक्षकारों को विवरणी की प्रतिलिपि प्रस्तुत करे।

(8) यदि विवाद उठाने वाला पक्षकार शपथपूर्वक आवेदन प्रस्तुत करता है तो विरोधी पक्षकार को शपथपूर्वक लिखित विवरण प्रस्तुत करना होगा और यदि विरोधी पक्षकार शपथपूर्वक लिखित विवरण प्रस्तुत नहीं करता है तो अधिकरण आवेदन में दी गयी सामग्री को सत्य उपधारित कर सकता है।

(9) विरोधी पक्षकार या पक्षकारगण, जहाँ तक सम्भव हो, प्रथम सुनवाई के दिनाँक से तीस दिन के भीतर ऐसा/ऐसे लिखित विवरण दाखिल करेगा/करेंगे जिसके साथ दस्तावेज तथा दस्तावेजों की सूची, साक्ष्यों की सूची संलग्न होंगे और अन्य पक्षकारों को प्रतियाँ उपलब्ध करायेगा/करायेंगे।

(10) लिखित विवरण प्रस्तुत किये जाने के दो सप्ताह के भीतर अन्य पक्षकारों को अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करना होगा और उसकी प्रतियाँ अन्य पक्षकारों को अग्रसारित करना होगा।

(11) अधिकरण लिखित विवरणों तथा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर विवाद में विनिश्चय हेतु वाद–बिन्दु सृजित करेगा।

(12) साक्ष्य, अधिकरण में अभिलिखित किया जायेगा या शपथ–पत्र पर दर्ज कराया जायेगा लेकिन शपथ–पत्र के मामले में विरोधी पक्षकार को शपथ–पत्र दर्ज कराने वाले प्रत्येक प्रतिवादी से जिरह करने का अधिकार होगा। जहाँ प्रत्येक गवाह की मौखिक जाँच की कार्यवाही की जाती है, वहाँ अधिकरण, निस्तारित किये जा रहे सार का ज्ञापन देगा। मौखिक साक्ष्य अभिलिखित करते समय, अधिकरण सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (अधिनियम संख्या 05 सन् 1908) की प्रथम अनुसूची के आदेश 18 के नियम 5 में निर्धारित कार्यप्रक्रिया का पालन करेगा।

(13) समस्त पक्षकार अधिकरण की पूर्व अनुज्ञा से अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

(14) साक्ष्य पूर्ण कर लिये जाने पर तत्काल तर्कों की सुनवाई की जा सकती है अथवा ऐसा कोई दिनांक तर्कों हेतु नियत किया जा सकता है जो साक्ष्य पूर्ण होने के दिनांक से पन्द्रह दिन की अवधि से परे न हो।

(15) अधिकरण सामान्यतः एक समय में एक सप्ताह से अधिक की अवधि के लिये स्थगन स्वीकृत नहीं करेगा किन्तु किसी भी स्थिति में विवाद हेतु पक्षकारों के अनुरोध पर कुल तीन स्थगन से अधिक स्थगन स्वीकृत नहीं किये जायेंगेः

परन्तु यह कि लिखित रूप में अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से अधिकरण एक समय में एक सप्ताह से अधिक समय के लिये एक स्थगन किन्तु किसी भी स्थिति में विवाद के पक्षकारों में से किसी एक पक्षकार के अनुरोध पर तीन से अधिक स्थगन स्वीकृत नहीं कर सकता है।

(16) यदि कोई पक्षकार किसी भी प्रक्रम में उपस्थित होने में व्यतिक्रम करता है या उसमें विफल हो जाता है तो अधिकरण उक्त मामले में एकपक्षीय कार्यवाही कर सकता है और व्यतिक्रम करने वाले पक्षकार की अनुपस्थिति में आवेदन पर विनिश्चय कर सकता हैः

परन्तु यह कि अधिकरण किसी भी पक्षकार के आवेदन पर अधिनिर्णय प्रस्तुत करने के पूर्व एकपक्षीय कार्यवाही करने के लिये आदेश को प्रतिसंहृत कर सकता है। यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि पक्षकार के अनुपस्थित होने का आधार न्यायसंगत था तो वह यथा प्रतिवादकृत मामले में विनिश्चय करने के लिये अग्रेतर कार्यवाही करेगा।

(17) अधिकरण, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा रूप से अपना अधिनिर्णय, संबंधित पक्षकारों और राज्य सरकार या इस निमित्त अधिसूचित अधिकारी को अधिनिर्णय घोषित किए जाने के दिनांक से एक माह के भीतर संसूचित करेगा।

(18) अधिकरण ऐसे किसी व्यक्ति को समन कर सकता है तथा उससे पूछताछ कर सकता है, जिसका साक्ष्य उसे उक्त मामले का विनिश्चय करने हेतु सारभूत प्रतीत हो और उसे दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (अधिनियम संख्या 1 सन् 1974) की धारा 345, 346 और 348 के अर्थान्तर्गत सिविल न्यायालय समझा जाएगा।

(19) किसी अधिकरण के समक्ष उपस्थित होने वाले पक्षकारों के प्रतिनिधियों के पास परीक्षण, प्रति परीक्षण का अधिकार और साक्ष्य की मांग किए जाने पर अधिकरण के समक्ष समावेदन करने का अधिकार होगा।

(20) अधिकरण के समक्ष कार्यवाहियाँ खुले न्यायालय में की जाएंगीः

परंतु यह कि अधिकरण अपने समक्ष कोई कार्यवाहियॉ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किए जाने के लिए निदेश दे सकता हैः

परंतु यह और कि अधिकरण किसी प्रक्रम में यह निदेश दे सकता है कि किसी साक्षी से पूछताछ और तत्संबंधी कार्यवाहियाँ कैमरा के अंतर्गत की जाएं।

(21) जहां अधिकरण के समक्ष कार्यवाही के संबंध में धारा 49 की उप–धारा (5) के अधिकरण को परामर्श देने के लिए निर्धारक नियुक्त किए जाएं वहां अधिकरण ऐसे निर्धारकों का परामर्श प्राप्त करेगा, किंतु ऐसा परामर्श ऐसे अधिकरणों पर बाध्यकारी नहीं होगा।

(22) किसी अधिनिर्णय का कोई पक्षकार जो अधिनिर्णय या अन्य दस्तावेज की प्रति प्राप्त करना चाहे, अधिकरण में हस्तकृत रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप से न्यायालय स्टांप शुल्क के माध्यम से शुल्क निम्नलिखित रीति से जमा करने के पश्चात् अधिनिर्णय या अन्य दस्तावेज की प्रति प्राप्त कर सकता है, अर्थात्:–

(क) अधिकरण की किन्हीं कार्यवाहियों या अधिकरण द्वारा न्यायनिर्णयन के प्रक्रम में अभिलिखित किन्हीं कार्यवाहियों में प्रस्तुत किसी अधिनिर्णय या दस्तावेज की प्रति प्राप्त करने की फीस दो रुपये प्रति पृष्ठ की दर से प्रभारित की जायेगी;

(ख) ऐसे किसी अधिनिर्णय या आदेश अथवा दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए प्रति पृष्ठ अतिरिक्त रूपया दो शुल्क संदेय होगा;

(ग) जहाँ कोई पक्षकार किसी ऐसे अधिनिर्णय या दस्तावेज की प्रति तत्काल भेजने का आवेदन करता है, वहाँ इस नियम के अधीन उद्ग्रहणीय शुल्क के आधे के समान अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

(23) ऐसा कोई व्यक्ति, जो विवाद का पक्षकार न हो, इस नियम के उप–नियम (22) में यथा विहित शुल्क का संदाय करने के पश्चात् अधिनिर्णय या दस्तावेज की प्रतियां प्राप्त कर सकता है।

अध्याय–आठ
हड़ताल और तालाबन्दी

व्यक्तियों की संख्या जिनके द्वारा हड़ताल की नोटिस दी जायेगी, व्यक्ति अथवा व्यक्तिगण, जिसे/जिन्हें ऐसी नोटिस दी जायेगी और धारा 62 की उप–धारा (4) के अधीन ऐसी नोटिस दिये जाने की रीति

48–धारा 62 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट हड़ताल की नोटिस किसी औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक को प्रपत्र–30 में दी जाएगी जिस पर वार्ताकारी संघ के सचिव और पाँच निर्वाचित प्रतिनिधियों अथवा ऐसे औद्योगिक अधिष्ठान से संबंधित वार्ताकारी परिषद के व्यवसाय संघों के सचिवों और पाँच निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षर किया जाएगा और उसकी प्रति इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा रूप से किसी संबंधित सुलहकर्ता अधिकारी श्रमायुक्त और राज्य सरकार को पृष्ठांकित की जाएगी।

धारा 62 की उप–धारा (5) के अधीन तालाबन्दी की नोटिस और उपधारा (6) के अधीन प्राधिकार दिये जाने की रीति

49–(1) धारा 62 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट तालाबंदी की नोटिस, किसी औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक द्वारा ऐसे औद्योगिक अधिष्ठान से संबंधित प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ के सचिव को प्रपत्र–इक्तीस में दी जाएगी जिसकी प्रति, संबंधित सुलहकर्ता अधिकारी, श्रम आयुक्त तथा राज्य सरकार को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा रूप से दी जाएगी। उक्त नोटिस, नियोजक द्वारा औद्योगिक अधिष्ठान के मुख्य प्रवेश द्वार के सूचना पट्ट पर या इलेक्ट्रॉनिक पट्ट पर सहजदृश्य रूप में प्रदर्शित की जाएगी।

(2) यदि किसी औद्योगिक अधिष्ठान का नियोजक, धारा 62 की उप–धारा (1) में यथानिर्दिष्ट रूप से हड़ताल की कोई नोटिस प्राप्त करता है अथवा धारा 62 की उप–धारा (2) के अधीन किसी व्यक्ति को तालाबंदी की नोटिस देता है, तो वह ऐसी नोटिस प्राप्त किए जाने की दिनांक से अथवा ऐसी नोटिस दिए जाने के दिनांक से पाँच दिन के भीतर संबंधित सुलहकर्ता अधिकारी और श्रम आयुक्त को तत्संबंध में सूचना हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से अथवा राज्य सरकार द्वारा साधारण या विशेष आदेश के माध्यम से यथा अपेक्षित से दी जाएगी।

अध्याय–नौ
कामबन्दी, छंटनी और बन्दी

धारा 70 के खण्ड (ग) के अधीन कर्मकार की छंटनी के पूर्व नोटिस तामील किये जाने की रीति

50–यदि कोई नियोजक अपने औद्योगिक अधिष्ठान में नियोजित किसी कर्मकार, जो अन्यून एक वर्ष तक उसके अधीन निरंतर सेवा में रहा हो, की छंटनी करना चाहता हो तो ऐसे नियोजक को ऐसी छंटनी के संबंध में, ऐसा किए जाने से कम से कम तीस दिन पूर्व प्रपत्र–बत्तीस में नोटिस राज्य सरकार, श्रम आयुक्त, संबंधित क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त एवं सम्बन्धित कर्मकार को हस्तकृत रूप से अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप से अथवा अन्य रजिस्ट्रीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा देनी होगी।

धारा 72 के अधीन छंटनीशुदा कर्मकारों के पुनर्नियोजन का अवसर प्रदान किये जाने की रीति

51–जहां किसी औद्योगिक अधिष्ठान में कोई रिक्ति होती है और ऐसे औद्योगिक अधिष्ठान के कर्मकारों की, इस तरह की रिक्ति को भरे जाने के प्रस्ताव के एक वर्ष पूर्व छंटनी की जाती है, तो ऐसे औद्योगिक अधिष्ठान के नियोजक को ऐसे छंटनीशुदा कर्मकारों, जो भारत के नागरिक हों, को कम से कम तीस दिन पूर्व रजिस्ट्रीकृत डाक अथवा स्पीड–पोस्ट द्वारा और ई–मेल (यदि उपलब्ध हो) के माध्यम से पुनर्नियोजन का एक अवसर प्रदान करेगा। यदि ऐसे कर्मकार नियोजन के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करते हैं, तो नियोजक, ऐसी रिक्ति को भरने में उन्हें अन्य व्यक्तियों से अधिमान प्रदान करेगा।

धारा 74 की उप–धारा (1) के अधीन आशयित बन्दी के लिये नियोजक द्वारा नोटिस तामील किये जाने की रीति

52–यदि कोई नियोजक कोई औद्योगिक अधिष्ठान बन्द करना चाहे, तो उसे प्रपत्र–बत्तीस में ऐसी बंदी की नोटिस राज्य सरकार को देनी होगी और उसकी एक प्रति श्रम आयुक्त और संबंधित क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त को हस्तकृत रूप से अथवा इलेक्ट्रानिक रूप से अथवा अन्यथा रजिस्ट्रीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से प्रेषित करनी होगी।

अध्याय–दस
कतिपय अधिष्ठानों में कामबन्दी, छंटनी और बन्दी के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध

धारा 78 की उप–धारा (2) के अधीन नियोजक द्वारा राज्य सरकार को आशयित कामबन्दी के लिए आवेदन किये जाने की रीति और ऐसे आवेदन पत्र की प्रति कर्मकारों को तामील किये जाने की रीति

53–धारा 78 की उप–धारा (1) के अधीन अनुज्ञा के लिए आशयित बंदी के कारणों को उल्लिखित करते हुए आवेदन, नियोजक द्वारा प्रपत्र–तैंतीस में किया जाएगा और ऐसे आवेदन की प्रति संबंधित कर्मकार को एक साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप से और रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड–पोस्ट से तामील की जाएगी। ऐसा आवेदन नियोजक द्वारा औद्योगिक अधिष्ठान के मुख्य प्रवेश द्वार के इलेक्ट्रानिक सूचना पट्ट अथवा नोटिस बोर्ड पर यह सहज दृश्य रूप से भी प्रदर्शित किया जाएगा।

धारा 78 की उप–धारा (7) के अधीन समीक्षा की समय–सीमा

54–राज्य सरकार स्वप्रेरणा से या नियोजक या किसी कर्मकार द्वारा किए गए आवेदन पर धारा 78 की उप–धारा (4) के अधीन, आदेश किए जाने के दिनांक से तीस दिन की अवधि के भीतर अनुज्ञा प्रदान करते हुए या उसे अस्वीकृत करते हुए अपने आदेश की समीक्षा कर सकती है।

धारा 79 की उप–धारा (2) के अधीन नियोजक द्वारा आशयित छंटनी हेतु राज्य सरकार को आवेदन किये जाने की रीति और ऐसे आवेदन की प्रति कर्मकारों को तामील किये जाने की रीति

55–धारा 79 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट अनुज्ञा हेतु आवेदन, नियोजक द्वारा प्रपत्र–तैंतीस में, आशयित छंटनी के कारणों को स्पष्ट रूप से उल्लिखित करते हुये हस्तकृत रूप से अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा और ऐसे आवेदन की एक प्रति, कर्मकारों को भी हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से और रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड–पोस्ट से प्रेषित की जाएगी। ऐसा आवेदन नियोजक द्वारा औद्योगिक अधिष्ठान के प्रवेश द्वार के सूचना पट्ट या उसके बोर्ड पर सहज दृश्य रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

धारा 79 की उपधारा (6) के अधीन समीक्षा की समय–सीमा

56–राज्य सरकार, स्वप्रेरणा से या नियोजक या किसी कर्मकार द्वारा किए गए आवेदन पर धारा 79 की उप–धारा (3) के अधीन, अनुज्ञा स्वीकृत करते हुये या उसे अस्वीकृत करते हुये आदेश किए जाने के दिनांक से तीस दिन की अवधि के भीतर समीक्षा कर सकती है।

धारा 80 की उप–धारा (1) के अधीन नियोजक द्वारा किसी औद्योगिक अधिष्ठान के आशयित बन्दी हेतु राज्य सरकार को आवेदन किये जाने की रीति और ऐसे आवेदन की प्रति कर्मकारों के प्रतिनिधियों को तामील किये जाने की रीति

57–ऐसे किसी नियोजक, जो औद्योगिक अधिष्ठान बंद करना चाहता हो, जिसके लिए संहिता का अध्याय दस लागू होता है, को आशयित बंदी के प्रभावी होने के दिनांक से कम से कम नब्बे दिन पूर्व, राज्य सरकार को पूर्व अनुज्ञा हेतु औद्योगिक अधिष्ठान के आशयित बंदी के कारणों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए, हस्तकृत रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रपत्र–तैंतीस में आवेदन करना होगा और साथ ही साथ ऐसे आवेदन की एक प्रति औद्योगिक अधिष्ठान में प्रचलित रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघों को भी हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से तथा रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से प्रेषित की जाएगी।

धारा 80 की उप–धारा (5) के अधीन समीक्षा की समय–सीमा

58–राज्य सरकार, या तो स्वप्रेरणा से या नियोजक या किसी कर्मकार द्वारा आवेदन किये जाने पर धारा 80 की उप–धारा (3) के अधीन अनुज्ञा स्वीकृत करते हुये या उसे अस्वीकृत करते हुये अपने आदेश की समीक्षा, ऐसा आदेश दिये जाने के तीस दिन की अवधि के भीतर कर सकती है।

अध्याय–ग्यारह
कर्मकार पुनर्कौशलकरण निधि

कर्मकार पुनर्कौशलकरण निधि का गठन और उसके स्त्रोत

59–(1) राज्य सरकार सरकारी गजट में प्रकाशित की जाने वाली अधिसूचना द्वारा एक निधि गठित करेगी जिसे धारा 83 की उप–धारा (1) के उपबंधों के अनुसार उत्तर प्रदेश कर्मकार पुनर्कौशलकरण निधि के रूप में जाना जायेगा।

(2) उप नियम (1) के अधीन गठित निधि में सम्मिलित होंगे–

(क) केन्द्र सरकार या केन्द्र सरकार के निकाय या किसी प्राधिकरण या उपक्रम द्वारा दिया गया अंशदान;

(ख) राज्य सरकार या किसी व्यक्ति या प्राधिकरण या बोर्ड या निगम या उपक्रम या राज्य सरकार के नियन्त्रणाधीन प्रवृत्त किसी विधि द्वारा गठित किसी अन्य निकाय से अंशदान।

(ग) उप नियम (3) के अनुसार इस संहिता के अधीन किसी कर्मकार या कर्मकारों की छंटनी करने वाले नियोजक से अंशदान।

(3) प्रत्येक नियोजक जो इस संहिता के अधीन किसी कर्मकार या कर्मकारों की छंटनी किया हो, दस दिन के भीतर, किसी कर्मकार या कर्मकारों की छंटनी के समय, ऐसे छंटनी किये गये कर्मकार या कर्मकारों के अन्तिम आहरित वेतन के पन्द्रह दिनों के समतुल्य राशि निधि में इलेक्ट्रानिक रीति से अन्तरित करेगा।

उत्तर प्रदेश कर्मकार पुनर्कौशलकरण निधि का उपयोग किये जाने की रीति

60–(1) निधि का नाम और अन्य विशिष्टताएँ विभागीय वेबसाइट और श्रम आयुक्त की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेंगी।

(2) इस निधि का प्रशासन तथा संचालन इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा सम्यक् रूप से नियुक्त प्राधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(3) नियम 58 के उप–नियम 2 के अधीन इस प्रकार प्राप्त निधि, राज्य सरकार या श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त उप–नियम 2 के अधीन नियुक्त प्राधिकारी द्वारा नियोजक से निधियां प्राप्त किये जाने के पैंतालिस दिन के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रत्येक कर्मकार को उसके खाते में, अंतरित की जायेगी।

(4) नियोजक एक ऐसी सूची भी प्रस्तुत करेगा जिसमें छंटनीकृत प्रत्येक कर्मकार का नाम, प्रत्येक कर्मकार द्वारा अंतिम आहरित पन्द्रह दिनों की मजदूरी के बराबर धनराशि और साथ ही साथ उनके बैंक खातों का विवरण अन्तर्विष्ट होगा जिससे राज्य सरकार उनके अपने–अपने खातों में धनराशि अन्तरित करने में सक्षम हो सके।

(5) छंटनीकृत कर्मकार, जिसे ऐसी धनराशि अन्तरित की जाये, अपने पुनर्कौशल हेतु ऐसी धनराशि का उपयोग करेगा।

अध्याय–बारह

अपराध तथा शास्तियाँ

धारा 89 के अधीन अपराध प्रशमन के लिये आवेदन पत्र और प्रशमन की रीति

61–(1) धारा 89 की उप–धारा (1) के अधीन अपराध प्रशमित कराने का इच्छुक कोई अभियुक्त व्यक्ति इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र–चौंतीस में आवेदन इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा रीति से उप–धारा (1) के अधीन अधिसूचित राजपत्रित अधिकारी (जिसे आगे प्रशमन अधिकारी कहा जायेगा) के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

(2) उप–नियम (1) के अधीन निर्दिष्ट प्रशमन अधिकारी, ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर स्वयं का यह समाधान करेगा कि संहिता के अधीन अपराध प्रशमन योग्य है या नहीं, तथा यदि अपराध प्रशमन योग्य है तो, वह अभियुक्त व्यक्ति को प्रपत्र–पैंतीस पर नोटिस प्रेषित करेगा।

(3) यदि अभियुक्त उप नियम (2) की अपेक्षा का अनुपालन करता है, तो प्रशमन अधिकारी, ऐसे अपराध के लिये, संहिता के अधीन उपबंधित अधिकतम पचास प्रतिशत जुर्माने की धनराशि के लिये, जिसे अभियुक्त द्वारा ऐसे अधिकारी के माध्यम से प्रपत्र–पैंतीस में जारी प्रशमन नोटिस में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर जमा कर दिया जायेगा, उक्त अपराध का प्रशमन करेगा तथा यदि ऐसे अभियुक्त के विरूद्ध कोई अभियोजन संस्थित नहीं किया गया है, तो अभियोजन के लिये कोई शिकायत अभियुक्त के विरूद्ध नहीं की जायेगी।

(4) यदि अपराध का प्रशमन, अभियोजन संस्थित होने के पश्चात् किया जाता है, तो प्रशमन अधिकारी धारा 85 की उप धारा (1) के अधीन नियुक्त प्राधिकारी या सक्षम न्यायालय, जिसके समक्ष अभियोजन लम्बित हो, को सूचित करेगा तथा ऐसी सूचना प्राप्त होने के पश्चात अधिकारी या न्यायालय अभियुक्त को उन्मोचित कर देगा और अभियोजन समाप्त कर देगा।

(5) राज्य सरकार के निदेश, नियन्त्रण और पर्यवेक्षण के अध्यधीन, इस नियम के अधीन प्रशमन अधिकारी अपराध शमन करने की शक्तियों का प्रयोग करेगा।

अध्याय–तेरह

प्रकीर्ण

धारा 91 के अधीन किसी क्षुब्ध कर्मकार द्वारा शिकायत किये जाने की रीति

62–(1) संहिता की धारा 91 के अधीन प्रत्येक की शिकायत हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से तथा रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से प्रपत्र–छत्तीस में की जाएगी और उसके साथ शिकायत में उल्लिखित विरोधी पक्षकारों की संख्या के अनुसार प्रतियां संलग्न की जाएंगी।

(2) उप–नियम (1) के अधीन प्रत्येक शिकायत का सत्यापन शिकायत करने वाले कर्मकार द्वारा या यथास्थिति सुलहकर्ता अधिकारी, मध्यस्थ या अधिकरण के समाधान के अनुसार प्रमाणीकृत कर्मकार के प्राधिकृत प्रतिनिधि, जो वाद के तत्वों से भिज्ञ हो, द्वारा किया जाएगा।

धारा 94 की उप धारा–(1) के अधीन किसी कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने के लिये कर्मकार को प्राधिकृत किये जाने की रीति

63– जहां कर्मकार किसी व्यवसाय संघ का सदस्य न हो, वहां उद्योग में नियोजित किसी अन्य कर्मकार से या उद्योग से सम्बद्ध किसी व्यवसाय संघ, जिसमें वह नियोजित हो, के कार्यकारी सदस्य या अन्य पदाधिकारी को संहिता के अधीन ऐसे विवाद, जिसमें कर्मकार एक पक्षकार हो, से संबंधित किसी कार्यवाही में अपना प्रतिनिधित्व किये जाने के लिए प्रपत्र–सैंतीस में प्राधिकृत किया जा सकता है।

धारा 94 की उप–धारा (2) के अधीन किसी कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने के लिये कर्मकार को प्राधिकृत किये जाने की रीति

64–जहाँ नियोजक, किसी नियोजक संघ का सदस्य न हो, वहाँ वह प्रपत्र–सैंतीस में ऐसे उद्योग, जिसमें नियोजक लगा हुआ हो, से सम्बद्ध किसी कर्मचारी संघ, या उसमें संलग्न किसी अन्य नियोजक से सम्बद्ध संघ के किसी ऐसे अधिकारी को ऐसे किसी विवाद, जिसमें नियोजक एक पक्षकार हो, के संबंध में संहिता के अधीन किसी कार्यवाही में उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है।

धारा 99 की उप–धारा (2) के खंड (ययच) के अधीन महानिदेशक, श्रम ब्यूरो के कार्यालय को प्रत्येक प्रपत्र की प्रति की प्रस्तुति

65–प्रपत्र–30 (हड़ताल का नोटिस), प्रप्रत्र–इक्तीस (तालाबंदी का नोटिस), प्रपत्र–बत्तीस (राज्य सरकार को छंटनी या बन्दी की सूचना के लिए नोटिस), प्रपत्र–तैंतीस (काम बंदी या छंटनी या बन्दी करने की अनुमति के लिए आवेदन) और प्रपत्र–चौंतिस (अपराधों का प्रशमन) की एक–एक प्रति को ऑटो–मोड में महानिदेशक, श्रम ब्यूरो के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप से साझा किया जाएगा।

आज्ञा से,

सुरेश चन्द्रा,

अपर मुख्य सचिव।

प्रपत्र–1

(नियम 3 देखें)

समझौते का ज्ञापन

पक्षकारों के नाम :

नियोजकों के प्रतिनिधिकर्ता.....

मजदूरों के प्रतिनिधिकर्ता.....

मामले का संक्षिप्त उद्धरण

.....

.....

करार के निबन्धन

1 .....

2 .....

3.....

साक्षीगण

1.....
(नाम एवं पदनाम)

2.....
(नाम एवं पदनाम)

पक्षकारों के हस्ताक्षर

1.....
(नाम एवं पदनाम)

2.....
(नाम एवं पदनाम)

* सुलह अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त, उ0प्र0.....
2. श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

* समझौता यदि सराधन के कार्यवाही के बाहर हो जाता है, उस स्थिति में नहीं होगा।

प्रपत्र–2

(नियम 8 देखें)

व्यवसाय संघ के पंजीकरण का आवेदन–पत्र

दिनांक को.....दिन..... वर्ष 20.....

1. हम इसके द्वारा निम्न व्यवसाय संघ के पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करते है
.....
2. संघ के मुख्य कार्यालय का पता
.....
3. संघ के अस्तित्व में आने का दिन.....माह.....वर्ष 20.....और आवेदन–पत्र दिये जाने के दिनांक को पंजिका पर..... .....सदस्यों की संख्या।
4. सेवायोजक संघ/श्रमिक संघ संलिप्त.....उद्योग (या धन्धा)
5. सदस्यों के संकल्प द्वारा हमें इस आवेदन–पत्र को प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत किया गया है

	हस्ताक्षर	व्यवसाय	पता	मोबाइल नम्बर
हस्ताक्षरित 1.....				
2.....				
3.....				
4.....				
5.....				
6.....				
7.....				

परिशिष्टः–

1. अनुसूची Iः– अधिकारियों की सूची।
2. अनुसूची II :–नियमों का संदर्भ।
3. अनुसूची III :–सम्पत्तियाँ एवं उत्तरदायित्व।
4. आवेदन का हलफनामा IVः–पदाधिकारियों की सहमति।
5. आवेदक का शपथ–पत्र।
6. व्यवसाय संघ के विधान की प्रति अथवा उपनियमों की प्रति के साथ में विधान अथवा उपनियमों को अंगीकृत करने का संकल्प पत्र
7. आवेदक के आवेदन को अधिकृत करने की संकल्प–पत्र की प्रति।
8. व्यवसाय संघों के परिसंघ अथवा केन्द्रीय संगठन होने की दशा में संघ के प्रत्येक सदस्य का संकल्प पत्र की प्रति।

सेवा में,

रजिस्ट्रार, ट्रेड यूनियन्स,
उत्तर प्रदेश।

अनुसूची– I

अधिकारियों की सूची

क्र0सं0	शीर्षक	नाम	उम्र	पता	व्यवसाय
1					
2					

[नोटः–सभी कार्यकारी सदस्यों के नाम (सभी अवैतनिक अथवा अस्थायी सदस्यों) स्तम्भ संख्या–01 में व्यवसाय संघ द्वारा धारित पद (उदाहराणार्थ अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, इत्यादि) के अतिरिक्त कार्यकारी सदस्यों के कार्यालय अनुसूची में भरे**]**

अनुसूची– **II**

नियमों का संदर्भ

हम.....(व्यवसाय संघ का नाम) में सहमति से अधिकारी निर्वाचित करने की घोषणा करते हैंः–

मामले	नियमों की संख्या
1	2
संघ का नाम	
संघ स्थापित करने का उद्देश्य	
सामान्य निधि का उद्देश्य, जिसको संघ लागू करेगा	
नागरिक एवं राजनीतिक निधि (यदि कोई) का उद्देश्य, जिसको संघ लागू करेगा।	
सदस्यों की सूची बनाना	
अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा निरीक्षण हेतु सदस्यों की सूची, उपलब्ध कराना	
साधारण सदस्य की सदस्यता	
अस्थायी अथवा मानद सदस्यों की सदस्यता	
नियमों के द्वारा सदस्यों को निश्चित लाभ दिलाये जाने की दशायें	
विविध प्रकार के जुर्माना लगाने/जब्त करने की दशायें	
नियमों को संशोधित करने, रद्द करने की प्रक्रिया करेगा	
संघों के कार्यकारी सदस्यों और अन्य अधिकारियों को नियुक्त करने और हटाने की प्रक्रिया करेगा।	
निधि का सुरक्षित संरक्षण	
लेखाओं की वार्षिक सम्परीक्षा	
अधिकारियों एवं सदस्यों को लेखा पुस्तकों के निरीक्षण की सुविधायें	
संघ को भंग करने की प्रक्रिया	

अनुसूची– **III**

दिनांक.....को दायित्व और आस्तियों का विवरण

(इस भरे जाने की आवश्यकता नहीं है, यदि संघ रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन की तारीख के एक वर्ष से कम अस्तित्व में था)

दायित्व	रू0पै0	आस्तियाँ	रू0पै0
सामान्य कोष की धनराशि राजनैतिक कोष की धनराशि ऋण .....से अन्य दायित्व (विनिर्दिष्ट किया जाएगा) कुल दायित्व		नकदी कोषागार के हाथ में सचिव के हाथ में बैंक में निम्न सूची के अनुसार बैंक प्रतिभूतियों के स्थावर में स्थावर सम्पत्ति मामले और फर्नीचर के लिए असंदत्त अभिदान बकाया ऋण अन्य आस्तियाँ (विनिर्दिष्ट की जाएंगी) कुल आस्तियाँ	

प्रतिभूतियों की सूची

विशिष्टियां	सामान्य मूल्य	बाजार मूल्य	हाथ में

हस्ताक्षर

1.....

2.....

3.....

4.....

5.....

6.....

7.....

अनुसूची–IV

एतद्द्वारा..... के अधिकारियों के रूप में चुने जाने के लिए सहमति होने की घोषणा करते हैं।

(ट्रेड यूनियन का नाम)

हस्ताक्षरित हस्ताक्षर पदनाम

1.....

2.....

3.....

4.....

5.....

6.....

7.....

8.....

9.....

10.....

11.....

12.....

13.....

14.....

15.....

16.....

17.....

प्रपत्र–3

(नियम 09 देखें)

व्यवसाय संघ के पंजीयन के पूर्व रजिस्ट्रार व्यवसाय संघ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाले शपथ–पत्र का मानक प्रारूप

साक्षी प्रस्तुत करता हैः–

1. यह कि हमने नाम के तहत नियम 8 के साथ औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 6 की उपधारा (1) के तहत व्यवसाय संघ के पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।
   .....(व्यवसाय संघ का प्रस्तावित नाम)।
2. यह कि हम विधिवत उक्त संघ के पंजीकरण के लिए आवेदन करने के लिए अधिकृत हैं।
3. यह कि आवेदन की सामग्री और आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज सत्य और सही हैं और कुछ भी छुपाया नहीं गया है।

क्र0सं0	नाम	पदनाम	व्यवसाय	पता	मोबाइल
1					
2					
3					
4					
5					
6					
7					

सत्यापन

यह सत्यापित है कि पूर्वोक्त हलफनामे की सामग्री मेरे ज्ञान और विश्वास में सत्य एवं सही है।

दिनांक..... आवेदक के हस्ताक्षर

प्रपत्र–4
(नियम 13 देखें)

व्यवसाय संघ का पंजिका

1 क्रमांक	
2 संघ का नाम	
3 मुख्य कार्यालय का पता	
4 पंजीयन की तिथि	
5 आवेदन–पत्रों की संख्या	
6 पंजीकरण हेतु आवेदन करने वाले सदस्यों की सूची	
7	

संघ के अधिकारी

संघ के अधिकारियों का नाम	पद ग्रहण करने का वर्ष	नाम	प्रवेश के समय उम्र	पता	व्यवसाय	पद त्यागने का वर्ष	कार्यकारिणी में पद के अतिरिक्त अन्य पद धारण, तिथि सहित
(1) (2) (3) (4) (5) (6) (7)							

प्रपत्र–5
(नियम 14 देखें)

व्यवसाय संघ के पंजीयन का प्रमाण–पत्र

पंजीकरण संख्या.....

प्रमाणित किया जाता है कि.....औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अन्तर्गत दिनांक.....को पंजीकृत किया गया।

रजिस्ट्रार ट्रेड यूनियन की मोहर .....

रजिस्ट्रार, ट्रेड यूनियन, उ0प्र0

प्रपत्र–6
(नियम 15 देखें)

आवेदन पत्र वापस करने या निरस्त करने का आवेदन-पत्र

व्यवसाय संघ का नाम .....

(पता)

पंजीकरण क्रमांक .....

दिनांक से .....दिवस तक .....20....

सेवा में,

रजिस्ट्रार,

व्यवसाय संघ,

उपर्युक्त वर्णित ट्रेड यूनियन की मंशा है कि ट्रेड यूनियन्स एक्ट, 1926/औद्योगिक संबध संहिता, 2020 के तहत इसके पंजीकरण का प्रमाण–पत्र वापस ले लिया जाए या रदद् कर दिया जाए, संकल्प दिवस .....20..... पर आयोजित एक आम बैठक में इस प्रकार का पारित कर दिया गया है।

(संकल्प की सही एवं वास्तविक प्रति यहां दें)

हस्ताक्षरित

अध्यक्ष/महासचिव

* यदि एक आम बैठक में नही, तो अनुरोध किस प्रकार से किया गया है, यह बताएं।

प्रपत्र–7

[नियम 18 का उपनियम (1) देखें]

ट्रेड यूनियन में परिवर्तन के संबंध में रजिस्ट्रार, ट्रेड यूनियन, उ0प्र0 को सूचना

1. संघ का नाम एवं पता.....
2. पंजीकरण संख्या एवं दिनांक.....
3. महासभा में कार्यकारी निकाय में निम्नलिखित परिवर्तन हुए, जो आयोजित किया गया है , पर.....(दिन/माह/वर्ष)..... .....पर (समय) के तहत .....(स्थान) पर श्री/सुश्री की अध्यक्षता में.....इस तिथि को कुल सदस्यता संघ था.....जिसमें से .....सदस्यों ने उपरोक्त में भाग लिया गया। इन परिवर्तनों को इस बैठक में सर्वसम्मति/बहुमत से पारित किया गया।

(अ) कार्यालय के पदाधिकारियों में परिवर्तनः–

पदनाम	नाम	उम्र	पता	व्यवसाय
1	2	3	4	5

(ब) संघ के नाम में परिवर्तनः–

(i) संघ का वर्तमान नाम

(ii) संघ का परिवर्तित नाम

(स) संघ के संविधान या उपनियमों में किये गये परिवर्तनः–

क्रमांक	मौजूदा नियम या उपनियम	नियम या उपनियम, जिसकों प्रतिस्थापित किया जाना

हस्ताक्षर	हस्ताक्षर
पूर्व महासचिव	निर्वाचित अध्यक्ष
पूर्व महामंत्री/सचिव	निर्वाचित महामंत्री/सचिव

नोटः–

1. यदि अध्यक्ष एवं महासचिव के हस्ताक्षर नहीं मिलते हैं तो इसके पर्याप्त कारणों का उल्लेख किया जायेगा।
2. यदि किसी पदाधिकारी के त्याग–पत्र के कारण कार्यकारी निकाय में परिवर्तन हुआ है, तो ऐसे त्याग–पत्र की प्रमाणित प्रति इस प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी।
3. संघ द्वारा पारित संकल्प की एक प्रमाणित प्रति इस प्रपत्र के साथ संलग्न की जाएगी।

प्रपत्र–8

[नियम 26 के उपनियम(1) देखें]

व्यवसाय संघों के विवादों के निपटारे के आवेदन–पत्र

औद्योगिक न्यायाधिकरण से पहले.....

मध्य

आवेदक का नाम एवं पदनाम

तथा

(विपक्षी/विपक्षीगण का नाम एवं पदनाम)

व्यवसाय संघ के विवाद की संक्षिप्त पुनरावृत्ति

आवेदक का हस्ताक्षर

सत्यापन

यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदन में दी गई सामग्री मेरे संज्ञान में सत्य, सही और विश्वसनीय है।

आवेदक का हस्ताक्षर

प्रपत्र–9

[नियम 27 का उपनियम (1) देखें]

व्यवसाय संघों के समामेलन की सूचना

(क) पंजीकृत व्यवसाय संघ का नाम.....
पंजीकरण संख्या .....
(ख) पंजीकृत व्यवसाय संघ का नाम.....
पंजीकरण संख्या (यदि दो से अधिक हों तो).....
पता.....
दिनांक.....दिन.....वर्ष, 20....

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
व्यवसाय संघ,

यहाँ दी गई सूचना कि औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 24 की उपधारा (3) की आवश्यकताओं के अनुसार, उपर्युक्त व्यवसाय संघों में से प्रत्येक के सदस्यों ने व्यवसाय संघ के रूप में एक साथ समामेलित होने का संकल्प लिया है।

और यह कि उक्त समामेलन की शर्ते निम्नलिखित है, (शर्तो को बताएं)

और यह कि इस व्यवसाय संघ को इस उद्देश्य से बुलाया जायेगा।

इस नोटिस को व्यवसाय संघ द्वारा अपनाये गये नियमों (यदि ऐसा है) तो सम्मिलित नियमों की एक प्रति इस नोटिस के साथ संलग्न करेगी।

(प्रत्येक व्यवसाय संघ के 07 सदस्यों एवं सचिव द्वारा हस्ताक्षर किये जाने के लिए)

हस्ताक्षर

1 सचिव
2
3
4 सदस्य
5
6
7
8

प्रपत्र–10
[नियम 27 का उपनियम (3) देखें]

व्यवसाय संघों के समामेलन की पंजिका

क्रमांक	संयुक्त संघों का नाम	संघ के नाम, जिनमें संघों का समामेलन होना	समामेलन की सूचना की तिथि	समामेलन की सूचना की तारीख, जिस पर पंजिका में समामेलन दर्ज किया गया
1	2	3	4	5

प्रपत्र–11
(नियम 29 देखें)

वार्षिक रिटर्न (औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 की धारा 26 में वर्णित), 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाले वर्ष के .....लिए

संघ/परिसंघ का नाम.....

पंजीकृत मुख्यालय.....

पंजीकरण प्रमाण–पत्र की संख्या.....

1. व्यवसाय संघ के परिसंघ द्वारा दिये जाने वाले रिटर्न
   (क) वर्ष की शुरूआत में सम्बद्ध संघों की संख्या.....
   (ख) वर्ष के दौरान शामिल होने वाले संघों की संख्या.....
   (ग) वर्ष के दौरान असन्तुष्ट यूनियनों की संख्या.....
   (घ) वर्ष के अन्त में सम्बद्ध यूनियनों की संख्या.....
2. केवल व्यापार संघ द्वारा दिये जाने वाले रिटर्न
   (क) वर्ष के शुरूआत में पुस्तिका में सदस्यों की संख्या.....
   (ख) वर्ष के दौरान भर्ती सदस्यों की संख्या.....(साथ जोड़े)
   (ग) वर्ष के दौरान छूटे हुए सदस्यों की संख्या.....(कटौती)
   (घ) वर्ष के अन्त में पुस्तिका में सदस्यों की कुल संख्या.....
   पुरूष.....
   महिला.....

(सम्बद्ध एवं असम्बद्ध संघों का नाम अलग–अलग विवरण क, ख एवं ग में दिया जाना चाहिए)

राजनीतिक में योगदान देने वाले सदस्यों की संख्या
निधि.....

व्यवसाय संघ के नियमों की एक प्रति, जो इस रिटर्न के प्रेषण की तिथि तक सही है, संलग्न है।

दिनांक.....वर्ष 20..... सचिव

देनदारियों और परिसंपत्तियों का सामान्य विवरण
.....का दिन.....20.....

देनदारियाँ	रूपये	परिसंपत्तियां	रूपया
सामान्य निधि की धनराशि	.....	नगद	.....
राजनीतिक निधि की धनराशि	.....	कोषाध्यक्ष के पास	.....
ऋण प्रपत्र 1.....	.....	प्रतिभूति के रूप में	.....
2.....	.....	बैंक में	.....
3.....	.....	बैंक में	.....
कर्ज के कारण 1..... 2..... 3.....	.....	नीचे दी गई सूची के अनुसार प्रतिभूतियां	.....
अन्य देयतायें 1..... 2.....	.....	अवैतनिक सदस्यता बकाया होने के कारण	.....
		ऋण के 1..... 2.....	.....
		अचल परिसम्पत्ति	.....
		सामान और फर्नीचर	.....
		अन्य परिसम्पत्ति 1..... 2.....	.....
कुल देयतायें	.....	कुल परिसंपत्तियां	.....

प्रतिभूतियों की सूची

विवरण	विशेष मूल्य	सामान्य मूल्य	बाजार मूल्य	हाथों में

सामान्य निधि लेखा

आमदनी	रूपये	खर्चे	रूपये
वर्ष की शुरूआत में शेषराशि प्रति सदस्य से लिया गया योगदान..... पत्रिकाओं पुस्तकों एवं नियमों आदि की ब्रिकी से..... निवेश पर प्राप्त ब्याज..... विविध स्रोतों से आय..... (विनिर्दिष्ट किया जाय) योगः–		अधिकारियों के वेतन, भत्ते और व्यय..... अधिष्ठान के वेतन, भत्ते और व्यय..... सम्प्ररीक्षा शुल्क..... विधिक व्यय..... व्यवायिक झगड़ों के संचालन में खर्च..... सदस्यों को नुकसान के लिए भुगतान किया गया मुआवजा राज्य के विवादों से उत्पन्न होने वाले ..... अंतिम संस्कार, बुढ़ापा, बीमारी, बेरोजगारी, लाभ, आदि, शैक्षिक, सामाजिक और धार्मिक लाभ..... प्रत्रिकाओं के प्रकाशन की लागत..... किराया, दरें और कर, स्टेशनरी, छपाई और डाक..... अन्य खर्चे (विनिर्दिष्ट किया जाय)..... वर्ष के अन्त में शेष राशि..... योगः–	

राजनीतिक निधि लेखा

आमदनी रूपये	खर्चे रूपये
वर्ष की शुरूआत में शेषराशि प्रति सदस्य से लिया गया योगदान..... योग :–	व्यवसाय संध अधिनियम, 1926 की धारा 16 (2) के अन्तर्गत निर्दिष्ट वस्तु पर किया गया भुगतान (निर्दिष्ट किया जाना है) प्रबन्धन पर किया गया व्यय, (पूर्णरूप से विनिर्दिष्ट किया जाय) वर्ष के अन्त में शेंष योगः–

निधि

लेखा परीक्षक की घोषणा

अधोहस्ताक्षरी, जिसकी ट्रेड यूनियन की सभी पुस्तकों और खातों तक पहुंच थी, पूर्वगामी बयानों की जांच करने और उन्हें संबंधित खाता वाउचर के साथ सत्यापित करने के बाद उसके बाद, अब कथन पर हस्ताक्षर करें जैसा कि सही, विधिवत प्रमाणित और के अनुसार पाया गया है। कानून, *टिप्पणियों के अधीन, यदि कोई हो, इसके साथ संलग्न है।

